नई दिल्ली
सोमवार, 9 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 55
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 36
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे जो इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे



यह मिशन मंगलवार को सुबह 8:22 बजे (स्थानीय समयानुसार) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा


# इसरो और नासा मिलकर कल निजी अंतरिक्ष मिशन एएक्स-4 करेंगे लॉन्च

### *यह पहला अवसर होगा जब कोई इसरो अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक एक निजी मिशन में जाएगा*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने घोषणा की है कि वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर एक ऐतिहासिक निजी अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रही है। इस मिशन का नाम एक्सिओम मिशन 4 (एएक्स-4) है, जो एक्सिओम स्पेस कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह मिशन 10 जून, मंगलवार को सुबह 8:22 बजे (स्थानीय समयानुसार) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे, जो इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे। यह पहला अवसर होगा जब कोई इसरो अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक एक निजी मिशन में जाएगा। गौरतलब है कि यह मिशन अमेरिकी पूर्व ⏩ शेष पेज 5 पर



### ◆ मिशन स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होगा

एएक्स-4 मिशन स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होगा और नई ड्रैगन अंतरिक्ष यान के जरिए चालक दल को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट का डॉकिंग समय अगले दिन यानी बुधवार, 11 जून को दोपहर 12:30 बजे (स्थानीय समय) तय किया गया है। यह मिशन लगभग दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें चालक दल विज्ञान से जुड़े प्रयोग, शैक्षणिक कार्यक्रम और वाणिज्यिक गतिविधियों को अंजाम देगा। नासा, इसरो, और एक्सिओम स्पेस के बीच यह गहरा सहयोग पांच ⏩ शेष पेज 5 पर

### मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे

*मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे। इस मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पेगी व्हिटसन के पास होगी। वहीं, शुभांशु शुक्ला पायलट के रूप में शामिल होंगे, जबकि पोलैंड के ईएशए (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) परियोजना अंतरिक्ष यात्री स्लावोश उज्नान्स्की विस्नेवस्की और हंगरी के टिबोर कापू मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। इस मिशन के साथ ही पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रुकेंगे। नासा इस मिशन की जिम्मेदारी अंतरिक्ष यान के स्टेशन के पास पहुंचने के समय से लेकर पूरे प्रवास और वापसी तक निभाएगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा की और लॉन्च की तारीख और समय की पुष्टि की।*






## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई



लखनऊ। टीम इंडिया के क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है। रविवार को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल में रखी गई थी। इस सेरमेनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स प्रवीण कुमार और पीयूष चावला नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए। दोनों की शादी 18 नवंबर को वाराणसी में होनी है। रिंग सेरेमनी में रिंकू सिंह व्हाइट ड्रेस में नजर आए, वहीं प्रिया सरोज गुलाबी ड्रेस पहनी हुई थीं। स्टेज पर पहुंचते ही प्रिया सरोज की खुशी में आंसू निकल आए। बाद में दोनों ने मुस्कुराते हुए पोज दिए। समारोह में लगभग 300 मेहमान शामिल हुए। इनमें सपा के मुखिया अखिलेश यादव भी मौजूद थे।

4.65 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया


महिलाओं को शिक्षा हुनर, रोजगार और नेतृत्व के अवसर मिले

### सशक्तिकरण से नेतृत्व तक का सफर

# बीते 11 साल में आत्मनिर्भर भारत की धुरी बनी महिलाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और रफ्तार मिली है। अब महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार बन चुकी हैं। नारी शक्ति अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय अभियान बन गया है, जो महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल तकनीक, आवास, स्वच्छता और वित्तीय सहायता के जरिए गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। चूंकि भारत की लगभग 67.7 प्रतिशत जनसंख्या महिलाएं और बच्चे हैं, इसलिए उनका सशक्तिकरण अब सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि विकास की रणनीति बन गया है। महिला सशक्तिकरण को समर्थन देने के लिए सरकार ने जीवनचक्र आधारित नीति अपनाई है। 'बेटी बचाओ, बेटी ⏩ शेष पेज 5 पर




### *11.07 करोड़ महिलाओं को सहायता मिली*

*वहीं स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी व्यापक सुधार हुए हैं। मिशन पोषण 2.0 को 1.81 लाख करोड़ रुपए की लागत से लागू किया गया है, जिसके तहत अब तक 24,533 आंगनवाड़ी केंद्र सक्षम आंगनवाड़ी में बदले जा चुके हैं और 4.65 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है। पोषण ट्रैकर ऐप को ई-गवर्नेंस गोल्ड अवॉर्ड और प्रधानमंत्री पुरस्कार मिला है। सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान में 1000 पंचायतों को चुना गया है। वहीं जननी शिशु* ⏩ शेष पेज 5 पर

### *महिलाओं को संपत्ति अधिकार*

*वहीं महिलाओं को समान अधिकार देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जैसे ट्रिपल तलाक पर रोक, विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष का प्रस्ताव, 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश और जम्मू-कश्मीर में धारा 35 ए हटाकर महिलाओं को संपत्ति अधिकार देना शामिल है। आर्थिक रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 33.33 लाख करोड़ के 52.5 करोड़ ऋण खातों में से 68% महिलाओं को मिले हैं। स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 47,704 करोड़ रुपए के 2.04 लाख ऋण महिलाओं को दिए गए हैं। एनआरएलएम के तहत 10.05 करोड़ महिलाएं 90.9 लाख स्वयं सहायता समूहों में संगठित हुई हैं। लखपति दीदी योजना के तहत 1.48 करोड़ महिलाएं सालाना 1 लाख रुपए या उससे अधिक कमा रही हैं।*

### *10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए*

*महिलाओं को गरिमा और सुविधा देने में भी कई योजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएन-जी) के तहत बने 2.75 करोड़ घरों में से 73% घर महिलाओं के नाम पर हैं। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है जिससे महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई है। जल जीवन मिशन के तहत 2019 में केवल 3.23 करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन था जो अब बढ़कर 15.6 करोड़ हो गया है।*

### *लोकसभा, विधानसभा में 33% आरक्षण का प्रावधान*

*शिक्षा और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना ने जन्म अनुपात को 918 (2014-15) से बढ़ाकर 930 (2023-24) किया है और बालिकाओं का नामांकन दर 75.5% से बढ़कर 78% हो गया है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.2 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिससे बच्चियों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। महिलाएं अब सेना, पुलिस और नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चंद्रयान-3 मिशन में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अहम रही है। भारत अब दुनिया में सबसे अधिक महिला पायलटों वाला देश बन गया है और स्टीम क्षेत्र में महिला स्नातकों की संख्या सबसे अधिक है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण का प्रावधान शामिल है, जिसे आगामी परिसीमन के बाद प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।*

### सुप्रीम कोर्ट का भी हवाला दिया

# राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग की दो टूकः विपक्ष के नेता सीधे भेजें पत्र, तभी जवाब देंगे




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर राहुल गांधी के लेख पर निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद, आयोग से जुड़े सूत्रों ने रविवार को कहा कि यह संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा जब विपक्ष के नेता सीधे उसे पत्र भेजेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर ⏩ शेष पेज 5 पर

### *तथ्यों को किया जा रहा नजरअंदाज*

*इससे पहले निर्वाचन आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया था और इसे कानून के शासन का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान हैं। चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।*

### *ये हैं राहुल गांधी के आरोप*

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं,* ⏩ शेष पेज 5 पर

### बहुचर्चित कैशकांड केस

# जस्टिस वर्मा के पास महाभियोग से बचने का इस्तीफा ही विकल्प

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ संसद ने हटाया तो पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिलेंगे

नकदी बरामदगी मामले में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा लाए जाने वाले महाभियोग से बचने के लिए इस्तीफा देने का ही एकमात्र विकल्प बचा है। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया के जानकार अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए जस्टिस वर्मा इस्तीफे की घोषणा कर सकते हैं और उनके मौखिक बयान को ही उनका इस्तीफा माना लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अगर जस्टिस वर्मा इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद द्वारा हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल सकेंगे। संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए अपने हस्ताक्षर सहित लिखित रूप में अपना पद त्याग सकता है। ⏩ शेष पेज 5 पर

### 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का 11वां दिन केंद्रीय कृषि मंत्री बेंगलुरु में किसानों से मिले

# 'कमलम' की खेती से तीसरे साल के बाद किसानों को 6 से 7 लाख तक का होता है मुनाफाः शिवराज

- बेंगुलरु ग्रामीण और आस-पास के क्षेत्रों में बागवानी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है
- गुणवत्ताहीन बीज व कीटनाशक बनाने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई- शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत किसानों से संवाद किया। 15 दिवसीय इस



अभियान की शुरुआत 29 मई को ओडिशा से हुई थी, जो 12 जून तक चलेगा। अब-तक 11 दिनों में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न राज्यों जिसमें ओडिशा के साथ-साथ जम्मू, हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश शामिल हैं, का दौरा कर लाखों किसानों से संवाद किया है। इसी कड़ी में आज उन्होंने बेंगलुरु में किसानों से बातचीत की। चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि बेंगलुरु के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान में आकर गर्व महसूस हो रहा है। शोध के क्षेत्र में वैज्ञानिकों के प्रयास सराहनीय हैं। बेंगुलरु ग्रामीण और आस-पास के क्षेत्रों में बागवानी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। किसानों ने स्वयं भी कई प्रकार के शोध व प्रयोग करके कृषि नवाचार में नए अध्याय जोड़े हैं। आज मैंने 'कमलम' (ड्रैगन फ्रूट) की खेती देखी। 'कमलम' की खेती के बारे में किसानों ने अनुभव साझा किए। मुझे जानकारी ⏩ शेष पेज 5 पर

### ड्रग माफिया पर शकः कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे पर प्राणघातक हमला

हमला फॉन्टिबोन के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ

# सभा को संबोधित कर रहे थे, तभी सिर-पीठ में मारी गईं आठ गोलियां, हालत गंभीर, एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ बोगोटा

कोलंबिया में विपक्षी सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को शनिवार को बोगोटा में गोली मारी गई। वे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'हमला' करार दिया है। 39 साल के उरीबे की हालत गंभीर है।

गोलीबारी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। विदेश मंत्री लौरा सराबिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि हिंसा कभी समाधान नहीं होता। मैं सच में उम्मीद करती हूं कि उरीबे जल्द ही ठीक हो जाएं और खतरे से बाहर हों। शनिवार को कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक चुनावी रैली के दौरान देश के संभावित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सत्ताविरोधी सीनेटर मिगुएल उरीबे तुरबाय पर जानलेवा हमला कर दिया गया। यह हमला फॉन्टिबोन इलाके के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ, जहां उरीबे अपने समर्थकों के बीच मौजूद थे और भाषण दे रहे थे। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ⏩ शेष पेज 5 पर

कुछ हथियारबंद हमलावरों ने उन्हें पीछे से गोली मारी



बाकी हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सरकार ने इनाम की घोषणा की

### पूरी मेडिकल व्यवस्था अलर्ट पर

घायल उरीबे को फौरन शहर के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया। बोगोटा के मेयर कार्लोस गालान ने एक्स पर जानकारी दी कि उरीबे को इमरजेंसी इलाज मिल रहा है और जरूरत पड़ने पर उन्हें किसी बड़े अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए राजधानी की पूरी मेडिकल व्यवस्था अलर्ट पर है। बोगोटा पुलिस ने एक संदिग्ध को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, केंद्रीय सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि हमले में शामिल बाकी दोषियों की गिरफ्तारी में मदद के लिए इनाम की घोषणा की गई है।

### कौन हैं मिगुएल उरीबे तुरबाय?

मिगुएल उरीबे (39) कोलंबिया के कंजर्वेटिव पार्टी 'डेमोक्रेटिक सेंटर' से सांसद हैं, ⏩ शेष पेज 5 पर




### परिजनों और स्थानीय लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

# सूटकेस में मिला बच्ची का शव, परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किये गए हैं। हम इस मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच कर रहे हैं। नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। बच्ची के पिता ने बताया कि काफी समय तक उसके घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की।

बच्ची के पिता ने कहा कि वह केवल बर्फ देने गई थी, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, लेकिन वह घर वापस नहीं आई। हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला। बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। कुछ गड़बड़ होने का संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। तुरंत वह उसे नजदीकी क्लिनिक लेकर गए, लेकिन वहां के डॉक्टर ने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वह अपनी बेटी को शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में रात करीब आठ बजकर 41 मिनट पर दयालपुर पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की एक टीम नेहरू विहार की गली नंबर दो भेजी गई, जहां उन्हें पता चला कि बच्ची को उसके पिता जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया चिकित्सकों ने बच्ची के चेहरे पर चोटें देखीं और यौन उत्पीड़न की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

दयालपुर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के कारण आस-पास के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बच्ची की मौत की खबर फैलते ही उसके रिश्तेदारों समेत सैकड़ों लोगों ने पास की सड़क को जाम कर दिया और न्याय की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की, लापरवाही का आरोप लगाया और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इलाके में व्याप्त तनाव को देखते हुए कई दुकानदारों ने अपने दुकान बंद कर दीं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी की गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाने-बुझाने तथा परिवार को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों के धरने पर बैठने के कारण दयालपुर इलाके में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, यात्री घंटों तक फंसे रहे। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ा और सड़क जाम रहने के कारण कई आपातकालीन सेवाओं में भी देरी हुई।

## दिल्ली की कानून व्यवस्था को भाजपा ने किया खराबः केजरीवाल

वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस मामले को लेकर दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था को भाजपा ने खराब कर दिया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की इस घटना ने सबको झकझोर दिया है। दिल्ली की कानून व्यवस्था को भाजपा ने बिगाड़कर रख दिया है, भाजपा की चार इंजन वाली सरकार में भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। गृह मंत्री अमित शाह और उनकी चार इंजन वाली सरकार को जवाब देना ही होगा। दिल्ली की बेटियों को जवाब भी चाहिए और न्याय भी। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दिल्ली में नौ साल की बच्ची के दुष्कर्म और हत्या के लिए कौन जिम्मेदार है? बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार के बावजूद हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सवाल किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहां हैं? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहां हैं?

## मासूम की बलात्कार बाद क्रूरता से हत्या होना साबित करता है भाजपा राज में भी दिल्ली असुरक्षितः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक 9 वर्षीय मासूम की बलात्कार के बाद क्रूरता से हत्या करने पर कहा कि साबित हो गया है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार में भी राजधानी असुरक्षित है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि 9 साल की बेटी के साथ हुए जघनय अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर बैठकें करना केवल औपचारिकता मात्र थीं, क्योंकि दिल्ली के अपराधों में लगातार बढ़ौत्तरी हो रही है। भाजपा दिल्ली वालों की सुरक्षा की कीमत पर अपने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को जैड प्लस सुरक्षा देने में अधिक संवेदनशील है, जिसका खामियाजा दिल्ली की भोली भाली जनता भुगत रही है। क्या इस घटना पर दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की चुप्पी दिल्ली की बेटियों के साथ अन्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की तरह, भाजपा के नेता भी आम लोगों की कीमत पर सत्ता का सुख भोग रहे है। सत्ता सुख के आगे इनके लिए निर्दोष लोगों के जीवन की सुरक्षा की कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि मासूम का बलात्कार और हत्या करके नेहरू विहार दयालपुर में हैवान उसे सूटकेस में बंद करके ठिकाने लगाने जा रहा था। यादव ने कहा कि केजरीवाल की तरह, भाजपा के नेता भी आम लोगों की कीमत पर सत्ता का सुख भोग रहे है। सत्ता सुख के आगे इनके लिए निर्दोष लोगों के जीवन की सुरक्षा की कोई कीमत नहीं है।

## बच्ची के साथ रेप और हत्या मामले में दोषियों को कठोरतम सजा मिले : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के नेहरू विहार में 9 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले पर दिल्ली विधानभा में नेता विपक्ष आतिशी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिख कर कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। बच्ची का शव एक सूटकेस में बंद मकान से मिला, जिसके चेहरे और शरीर पर चोट के निशान यौन उत्पीड़न की भयावहता को दर्शाते हैं। यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि 4 इंजन वाली भाजपा सरकार की नाकामी है। आतिशी ने मांग की है कि इस मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को कठोर सजा दी जाए, और दिल्ली में महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। यह समय बहानेबाजी का नहीं, बल्कि जवाबदेही और कार्रवाई का है।

## मासूमों से घिनौने अपराध निंदनीय : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निस्संदेह मासूमों से घिनौने अपराध निंदनीय हैं और नहीं होने चाहिए पर इन अपराधों को केवल कानून व्यवस्था की समस्या बताना राजनीतिक धूर्तता है क्योंकि यह अपराध करने वाले लोग अपराधी प्रवृत्ति के साथ ही विकृत मानसिकता के शिकार हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि लगभग 11 साल पहले आम आदमी पार्टी ने एक मासूम निर्भया की हत्या पर राजनीति की थी और आज तक "आप" के नेता मासूम बच्चियों के साथ जब तब होने वाले अपराध पर राजनीतिक बयानबाजी करते हैं। सचदेवा ने कहा है कि पुलिस ने अधिकांश ऐसे अपराधों में सख्त कार्रवाई की है और पुलिस द्वारा नेहरू विहार के मामले में संलिप्त अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी आवश्यक है तो वहीं समाज में ऐसे अपराधियों के विरूद्ध जन जागरण चलाने और इसमें ऐसे अपराधों के प्रति भय उत्पन्न करने के लिए सामाजिक अभियान चलाने की जरूरत है। सचदेवा ने कहा है कि नेहरू विहार में एक अल्पसंख्यक समाज की बच्ची के साथ हुए वीभत्स अपराध से हम सब क्षुब्ध हैं, आश्चर्य है उसको पीड़ित करने वाला व्यक्ति भी अल्पसंख्यक समाज का है और पड़ोस में रहता है, दिल्ली पुलिस ने उसे चिन्हित किया है और शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी पर दिल्ली की जनता इस संदर्भ में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मार्लेना से एक सवाल पूछना चाहती है। बालिकाओं या महिलाओं के साथ हर साल एक दो वीभत्स अपराध सामने आते हैं, पुलिस उनके अपराधियों को गिरफ्तार कर सज़ा भी दिलवाती है पर केजरीवाल एवं आतिशी बतायें कि उनकी सरकारों ने गत 11 साल में महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए कभी कोई समाजिक चेतना जागृत करने का अभियान क्यों नही चलाया ?

## डकैती व अपहरण के मामले में 10 साल से फरार आरोपी दबोचा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के झंडेवालान इलाके में अपहरण और डकैती को कथित तौर पर अंजाम देने के बाद 10 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के किशनगंज निवासी 37 वर्षीय राकेश 2014 के एक मामले में वांछित था, जिसमें उसने और उसके साथियों ने पान मसाला की खेप ले जा रहे एक वाहन के चालक को हथियार का भय दिखा कर लूट लिया था। उन्होंने बताया कि लूट की यह घटना 26 दिसंबर 2014 की रात हुई, जिसमें छह से सात लोग शामिल थे। वर्ष 2015 में अदालत ने आरोपी को फरार घोषित कर दिया था। हालांकि, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन राकेश फरार था। सूचना के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने उसे लोनी के चमन विहार से पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि राकेश डकैती के दो अन्य मामलों में भी शामिल था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। डकैती के ये मामले 2022 और 2023 के हैं।

## स्पेन की अवैध यात्रा कराने के प्रयास के आरोप में एजेंट धरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पंजाब के तीन लोगों को फर्जी शैंगेन वीजा एवं जाली टिकटों के जरिये स्पेन भेजने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर तीनों व्यक्तियों को उनके दस्तावेज़ और टिकट नकली पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि तीनों व्यक्तियों को स्पेन में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अवैध यात्रा के लिए कुल 17 लाख रुपये वसूले गए थे। पुलिस के अनुसार, अमृतसर निवासी 25 वर्षीय कमलदीप सिंह तीनों की गिरफ्तारी के बाद फरार हो गया था, लेकिन करीब 300 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद उसे हरियाणा के कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि वह एक अन्य एजेंट सोनू वालिया के साथ मिलकर तीनों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विदेश भेजने का काम कर रहा था। सोनू वालिया को पंजाब पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

अधिकारी ने बताया कि 29 मई को अमृतसर से तीन यात्री मैड्रिड जाने के लिए आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंचे। विमानन कंपनी के अधिकारियों ने उनके टिकटों को फर्जी बताया और उनके दस्तावेजों को आव्रजन अधिकारियों को भेज दिया। जांच के बाद उनके पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा के फर्जी होने की पुष्टि की गई।₹ शेंगेन वीजा गैर-यूरोपीय संघ देशों के लोगों को शेंगेन देशों (सभी यूरोप में) में प्रवेश करने की अनुमति देता है तथा इसके भीतर सीमाओं के पार मुफ्त यात्रा की अनुमति देता है। शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच के आदेश दिए गए हैं।

## क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखाधड़ी करने वाला तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि बीसीए की पढ़ाई बीच में छोड़कर एपीके डेवलपर बने व्यक्ति की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन उर्फ ऋषभ के रूप में हुई है। उसे पड़ोसी नोएडा में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी इस साल मार्च में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामले की जांच के दौरान की गई। इस मामले में पहले पांच महिलाओं समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया गया था। डीसीपी (बाहरी) सचिन शर्मा ने कहा, ₹जय किशन धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए नकली ऐप के पीछे का तकनीकी मास्टरमाइंड था। उसके पास ऐप और वेबसाइट विकसित करने का अनुभव है और वह पहले एक निजी कंपनी में महाप्रबंधक के रूप में काम कर चुका है।₹ अपराध में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप को जब्त कर लिया गया है।

## होटल में मृत पाई गई महिला पुरुष साथी लिया हिरासत में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के एक होटल के कमरे में रविवार को 29 वर्षीय एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पायी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला का पुरुष साथी पिछली शाम उसके साथ होटल में ठहरा था जिसे पकड़ा गया है।

होटल के स्वागत क्षेत्र में जमा किए गए दस्तावेजों के अनुसार मृतक की पहचान सारिका (29) के रूप में हुई है, जबकि पुरुष साथी की पहचान सचिन (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सचिन को आज सुबह होटल से निकलते हुए देखा गया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। उसे होटल के स्वागत क्षेत्र पर दिए गए पते से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पहाड़गंज स्थित होटल के एक कर्मचारी ने सुबह करीब 10 बजे नबी करीम पुलिस थाने में पीसीआर को कॉल कर बताया कि जिस कमरे में युगल रातभर रुके थे, उसके बाथरूम में एक महिला बेसुध पड़ी है। पुलिस की एक टीम होटल पहुंची और महिला को बेहोश पाया। शुरुआती जांच में पता चला कि दोनों ने शनिवार को शाम करीब चार बजे होटल के कमरे में प्रवेश किया था। हालांकि, सुबह केवल सचिन को होटल परिसर से बाहर निकलते देखा गया। अधिकारी ने कहा, ₹प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि महिला की मौत रस्सी से गला घोंटने के कारण हुई है। मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

### दिल्ली सरकार मिलीभगत के चलते लगातार गुरुद्वारा कमेटी में कर रही हस्तक्षेप

# डीएसजीएमसी सदस्यों को हटाने के विरोध में अकाली दल ने किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई ने गुरुद्वारा कमेटी के साथ दिल्ली सरकार की सांठगांठ व हस्तक्षेप के चलते दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के दो सदस्यों को हटाने के विरोध में रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना तथा मनजीत सिंह जीके ने संयुक्त रूप से की। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब रोड से हुई। इस बारे में दोनों नेताओं ने बताया कि दिल्ली सरकार मिलीभगत के चलते लगातार गुरुद्वारा कमेटी में हस्तक्षेप कर रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने राजनीतिक दुर्भावना के तहत डीएसजीएमसी के 2 निर्वाचित सदस्यों की सदस्यता रद्द कर दी है, जो सरकार गलत है। इसके विरोध में दिल्ली के सिख समाज ने शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस कदर बौखलाई है कि उसने विरोध प्रदर्शन को पुलिस द्वारा दबाने की कोशिश की और पुतला तक नहीं जलाने दिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का पुतला नहीं जलाने दिया और पुतला फाड़ दिया गया, जिस वजह से काफी देर तक टकराव भी चला। उन्होंने कहा कि हम शांति से जाप करते हुए आगे बढ़ रहे थे। लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग करके गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के गोल चक्कर पर ही आगे बढ़ने से रोक दिया। जिसके बाद शिरोमणि अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष मास्टर तारा सिंह की प्रतिमा के सामने संगतों को संबोधित करना पड़ा। वहीं सरना ने दावा किया कि भाजपा लगातार सिखों की धार्मिक कमेटियों में दखल दे रहीं हैं। हजूर साहिब, पटना साहिब, हरियाणा कमेटी के बाद अब यह सियासी हस्तक्षेप दिल्ली कमेटी तक पहुंच गया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे दो चुने हुए दिल्ली कमेटी सदस्यों को बेदखल करके कथित शराबी-कबाबी लोगों को कमेटी सदस्य बना दिया गया हैं। यह सिखों के धार्मिक मामलों में सरकार का सीधा हस्तक्षेप है। प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय गृह मंत्री बहुत समझदार है, उन्हें वक्त को समझ के फैसले लेने चाहिए,ये काम भाजपा को बहुत महंगा पड़ेगा। क्योंकि दिल्ली हाईकोर्ट से याचिका वापस लेकर वापस भागे लोगों को अनैतिक तरीके से दिल्ली कमेटी सदस्य बनाने की गलती की गई हैं। सरना ने कहा कि मास्टर तारा सिंह की उंगली आज भी देश की संसद की ओर है। यह इशारा है कि सरकार आजादी के समय उनसे किए गए वादों को पूरा करें। पर सरकार सिखों के साथ टकराव के रास्ते पर चल रही है। जबकि जीके ने कहा कि हम सड़क से अदालतों तक इस लड़ाई को लड़ेंगे और सरकारी अन्याय तथा अनैतिक कार्यों का विरोध करेंगे। क्योंकि सरकार ने लोकतंत्र का कत्ल किया है। हम माकूल जवाब देंगे, एक सरकारी क्लर्क को आगे करके पर्दे के पीछे से इस खेल को खेलने वालों को संगतों के सामने नंगा करेंगे। हमारा गुस्सा दिल्ली सरकार और दिल्ली कमेटी दोनों के खिलाफ है। क्योंकि दिल्ली सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद आम चुनावों के लिए वोटर बनाने की बजाए चोर मोरी से सदस्यों की गैरकानूनी तरीके से अदला-बदली कर रहीं हैं। जिन सदस्यों की सदस्यता खत्म की गई, उन्हें कोई अग्रिम नोटिस नहीं दिया गया। जबकि जिन्हें नया सदस्य बनाया गया, उनकी योग्यता दिल्ली कमेटी की धारा 10 के तहत जांच नहीं गई और ना ही उनका गुरुमुखी भाषा का टेस्ट लिया गया।

## कई आपराधिक मामलों में वांछित गोगी गिरोह का बदमाश पकड़ा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी (26) को शुक्रवार को एक खुफिया जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, खत्री कम से कम चार बड़े आपराधिक मामलों में शामिल था। एक मामले में, उसने और उसके साथी ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए उसके घर पर कई गोलियां चलाईं थी। एक अन्य घटना में कथित तौर पर 'डंकी रूट' के जरिए विदेश भाग गए एक सरगना के निर्देश पर खत्री और उसके गिरोह के सदस्यों ने अलीपुर के एक प्रॉपर्टी डीलर को धमकाया और उसके दफ्तर से पांच लाख रुपये लूटे थे। पुलिस ने बताया कि बीच में ही स्कूली पढ़ाई छोड़ने वाला खत्री छोटी उम्र में गोगी गिरोह में शामिल हो गया था ।

## अतिक्रमणकारी सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं, जिसके आधार पर पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए पात्रता तय की जाती है। अदालत ने छह जून को सुनाए गए अपने आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।" अदालत ने लगभग 1,200 लोगों से संबंधित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। याचिका में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को आगे किसी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोकने, स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने, और याचिकाकर्ताओं को उनकी संबंधित झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों से जबरन बेदखल न करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) को प्रभावित निवासियों का उचित और व्यापक सर्वेक्षण करने तथा 2015 की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ताओं को पुनर्वास की मांग करने का कोई निहित अधिकार नहीं है, क्योंकि यह उनके जैसे अतिक्रमणकारियों के लिए कोई पूर्ण संवैधानिक अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा कि पुनर्वास का अधिकार पूरी तरह से उस प्रचलित नीति से उत्पन्न होता है, जो उनपर लागू होती है। पुनर्वास के लिए पात्रता का निर्धारण एक अलग प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमणकारियों को हटाने से भिन्न है। फैसले में कहा गया कि अतिक्रमणकारी लागू नीति के तहत अपने पुनर्वास दावों के समाधान तक सार्वजनिक भूमि पर कब्जा बनाए रखने का अधिकार नहीं जता सकते, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी। अदालत ने हालांकि, उनमें से कुछ के पुनर्वास की अनुमति दे दी और डीडीए को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट आवंटित करने का निर्देश दिया। भूमिहीन कैंप में लगभग तीन दशक पुरानी झुग्गी बस्ती है, जहां उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से आए प्रवासी रहते हैं।

### मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# बिना आवास दिए कोई झुग्गी नहीं हटेगी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी एफआईआर : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिना झुग्गीवासियों को पक्के मकान दिए कोई भी झुग्गी तोड़ी नहीं जाएगी और तोड़फोड़ पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आश्वासन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शालीमार बाग के हैदरपुर स्थित नेहरू कैंप, पीतमपुरा के एकता कैंप और जे.जे. क्लस्टर के पास यू और वी ब्लॉक का दौरा करने के दौरान दिया। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया और कई नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन इलाको में पाइपलाइन बिछाने, और नई सड़कों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि झुग्गी के बच्चों के लिए साफ सुथरा पार्क तैयार किया जाएगा जिसमें झूले भी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले हर नागरिक को जल, सड़क, शौचालय, पार्क और अन्य सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि कोई भी नागरिक विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए। लेकिन कुछ लोगो द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है, जबकि ज्यादातर कार्यवाही कोर्ट के आदेशानुसार उन अवैध कब्जों के खिलाफ की जा रही है, जिनके कारण यातायात बाधित हो रहा है या आवाजाही प्रभावित हो रही है।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हैदरपुर स्थित जे .जे. क्लस्टर, आउटर रिंग रोड, नं. 26, नेहरू कैंप में 24 सीटों वाले जन सुविधा केंद्र के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के दौरान कहा कि झुग्गी बस्तियों में रह रहे नागरिकों को भी सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है और दिल्ली सरकार इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा के जे.जे. क्लस्टर, ए.यू. ब्लॉक, एकता कैंप में सीसी पेवमेंट कार्य का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने जे.जे. क्लस्टर स्थित यू और वी ब्लॉक के पास एमसीडी की खाली पड़ी भूमि का दौरा कर वहां प्रस्तावित 20 सीटों वाले जन सुविधा केंद्र की संभावित निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को जल्द से जल्द आरंभ करने के निर्देश दिए।



#### सभी झुग्गी बस्तियों का चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा पुनर्विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की सभी झुग्गी बस्तियों का पुनर्विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। सभी झुग्गियों में सीवर लाइन और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जलजमाव और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। साथ ही, स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति, सड़कों का निर्माण और सुधार, और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। स्वास्थ्य और स्वच्छता के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर सामुदायिक शौचालय और स्नानघर बनाए जाएंगे, जिनका नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा।

## सड़क से संसद तक झुग्गीवालों के हक की लड़ाई लड़ेंगे : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने रविवार को मद्रासी कैंप के झुग्गीवालों से मुलाकात कर उनका दुख दर्द साझा किया। और उन्हें उनके हक की लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ने का आश्वासन दिया। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि जहां झुग्गी-वहीं मकान देंगे। लेकिन अब भाजपा सरकार झुग्गियां तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को भगा रही भाजपा को बिहार की जनता बिहार से भगाएंगे। मद्रासी कैंप का दौरा करने के दौरान सिंह ने कहा कि शनिवार को हम वजीरपुर गए थे। वहां हमने देखा कि उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वांचल के लोगों का घर किस तरह भाजपा के बुलडोजर ने कुचल कर बर्बाद कर दिया है। यही हाल मद्रासी कैंप का कर दिया गया है। बिहार से लेकर मद्रास तक दिल्ली में रह कर मेहनत-मजदूरी करने और ठेला लगाने वाले गरीब लोग भाजपा की आंखों की किरकिरी बन गए हैं। भाजपा इन गरीबों को खत्म कर देना चाहती है। सिंह ने कहा कि मद्रासी कैंप में 50 साल से लोग रह रहे हैं, लेकिन भाजपा ने बुलडोजर चलाकर पूरी बस्ती को जमींदोज कर दिया। हमारी मांग है कि मद्रासी कैंप के सभी लोगों को यहीं मकान बनाकर दिया जाए और जिनके घर तोड़े गए, उन्हें मुआवजा दिया जाए। सिंह ने कहा कि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। संसद में विपक्ष बहुत मजबूती के साथ झुग्गीवालों का मुद्दा उठाएगा। दिल्ली के जितने भी झुग्गीवाले हैं, उनके हक की लड़ाई सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, अखिलेश पति त्रिपाठी, प्रवीण, सारिका चौधरी सहित पूरी आप पहले से लड़ रही है।

#### आप 29 जून से भाजपा सरकार के खिलाफ करेगी आंदोलन : सौरभ

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में झुग्गियों के तोड़फोड़ के खिलाफ आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार के खिलाफ 29 जून को एक बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। आप ने सभी झुग्गी निवासियों से अनुरोध किया कि इस आंदोलन में शामिल होकर अपने हक के लिए आवाज उठाएं। इस आंदोलन से केंद्र सरकार से इस संबंध में उचित कदम उठाने की अपील की जाएगी।

### शिव मूर्ति-महिपालपुर से नेल्सन मंडेला रोड तक बनेगी टनल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शिव मूर्ति महिपालपुर (द्वारका एक्सप्रेस) से नेल्सन मंडेला मार्ग (वसंत कुंज)तक करीब पांच किलोमीटर टनल बनाई जाएगी। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार का लाभ देश की राजधानी दिल्ली को भी मिलने लगा है। इसी लाभ के तहत केंद्र सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने छह नए प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिखाई है। उनमें से एक परियोजना 5 किलोमीटर लंबा वह टनल मार्ग भी शामिल है, जो साउथ दिल्ली और एनसीआर का यातायात संतुलित करेगा, वहां प्रदूषण को नियंत्रित करेगा, साथ ही पूरे प्रस्तावित क्षेत्र का लुक भी बदल देगा। मुख्यमंत्री ने राजधानी की योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया, जिनके नेतृत्व और सहयोग से यह परियोजनाएं संभव हो पाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद उन्होंने दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में यातायात को सुचारू बनाने व प्रदूषण कम करने की दिशा में 24 हजार करोड़ के रुपये की कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, इनमें करीब पांच किलोमीटर लंबी टनल रोड भी शामिल है। इस परियोजना को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) बना रहा है और इसकी लागत 3500 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री के अनुसार इस टनल में दो भूमिगत ट्यूब रोड, अप और डाउन यातायात के लिए बनाए जाएंगे। इनमें प्रत्येक में तीन लेन होंगी, यानी यातायात के आवागमन के लिए कुल छह लेन की सुविधा मिलेगी।

## महीने भर भीतर जनता को समर्पित हो जाएगा यूईआर-2 : मल्होत्रा

- आईजीआई तक का सफर 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महीने भर भीतर अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर)-2 जनता को समर्पित हो जाएगा। इसके खुलने से उत्तरी भारत की बड़ी आबादी को लाभ होगा, साथ ही दिल्ली में होने वाले प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने यह जानकारी दी है। बता दें कि इसके खुलने के कई बार पहले भी क्यास लग चुके हैं लेकिन अब केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं और एक माह के भीतर यह जनता को समर्पित हो जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बेहतर जुड़ाव के लिए यूईआर-2 का निर्माण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। करीब आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रोड के अगले माह के पहले सप्ताह तक पूरा होने की उम्मीद है।

#### सोनीपत की तरफ से आईजीआई जाने वालों के लिए बड़ा लाभ

बता दें कि सोनीपत के कुंडली बॉर्डर से महज पांच किलोमीटर दूर अलीपुर के पास स्थित गांव बकौली से नजफगढ़ होते हुए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक का सफर 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। दिल्ली के अलीपुर से यूईआर-2 का निर्माण पूरा होने से हरियाणा के सोनीपत की तरफ से दिल्ली आने वाले लोगों को दिल्ली एयरपोर्ट और गुरुग्राम तक जाना आसान होगा। लोगों को एयरपोर्ट और गुरुग्राम जाने के लिए दिल्ली के अंदरूनी हिस्सों में घुसने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। सफर आसान, तेज और सिग्नल फ्री होगा।

#### व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर परियोजना

बताया जा रहा है कि औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के लिए यह परियोजना वरदान साबित होगा। सोनीपत से पौना घंटा में दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा जा सकेगा। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ से एयरपोर्ट, गुरुग्राम और जयपुर जाने वालों को सिग्नल फ्री सफर की सौगात मिलेगी।

### नालों की गाद निकालने की समय सीमा बढ़ाने का मतलब इस बार भी डूबेगी दिल्ली: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधे हुए कहा कि मानसून से पूर्व नालों से गाद निकालने की समय सीमा बढ़ाने का मतलब है कि इस बार भी बारिश के दौरान दिल्ली डूबेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नालों से गाद निकालने में पूरी तरह हवा हवाई साबित हो गया है जिससे तय है कि 28 जून से आने वाले मानसून की बारिश में राजधानी एक बार फिर डूब जाएगी। यादव ने आरोप लगाए कि यह पहला मौका नहीं है जब नालों से गाद निकालने के 100 प्रतिशत काम पूरा करने की तारीख को सरकार बार-बार आगे बढ़ा रही है। यह भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की निष्क्रियता को दर्शाता है कि नालों से गाद निकालने की 15 मई की तारीख को आगे बढ़ाकर 31 मई कर दिया। आज पीडब्ल्यूडी द्वारा 45 प्रतिशत काम पूरा होने की घोषणा करके इसकी तारीख 15 जून और अब 25 तक काम पूरा करने की घोषणा से सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है। जबकि 28 जून को दिल्ली में मानसून पहुंच जाएगा। वास्तविकता यह है कि पिछले 12 वर्षों की भांति इस वर्ष भाजपा सरकार भी गाद निकालने में संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही है। यादव ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सत्ता संभालते ही नालों से गाद निकालने और यमुना सफाई पर काम करने का दावा किया था। परंतु मानसून से 20 दिन पहले सरकार ने गाद निकालने की तारीख को आगे बढ़ाकर अपनी नाकामी उजागर कर दी है। पीडब्ल्यूडी 2146 किमी लंबे जल निकासी के नेटवर्क का अभी तक 45 प्रतिशत ही काम करने का दावा कर रही है। जबकि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने 68 प्रतिशत और दिल्ली नगर निगम 70 प्रतिशत नालियों से गाद निकालने का काम पूरा होने का दावा कर रहा है। जबकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लाख दावों के बावजूद मानसून पूर्व 2-3 बारिश ने ही गाद निकालने के दावों की पोल खोल कर रख दी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की कार्यशैली में कोई खास अंतर नही है। जिसके कारण दिल्ली की समस्याओं प्रदूषण, यमुना सफाई, सड़क प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था अथवा डिसिल्टिंग जैसे किसी भी काम को रेखा गुप्ता सरकार के मंत्री और उनके नियंत्रण में कार्यरत अधिकारी 100 प्रतिशत पूरा करने में विफल साबित हुए है।

### मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहले वर्ष की गिनाई उपलब्धियां केवल झूठी घोषणाओं का पुलिंदा: डीपीसीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष पूरा होने पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि भाजपा सांसदों द्वारा गिनाई जा रही विकास और उपलब्धियां केवल झूठी घोषणाओं का पुलिंदा है। कांग्रेस ने कहा कि वास्तविकता में धरातल पर जनता के जीवन में कोई ठोस बदलाव नहीं आया है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष में भी पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दोनों कार्यकालों में जहां दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार किया गया वहीं तीसरी सरकार के पिछले एक साल में भी दिल्ली की जबरदस्त उपेक्षा की गई है। यादव ने कहा कि मोदी सरकार दिल्ली के लिए क्या लेकर आई, इसका जवाब जनता सड़कों की बदहाली, बस स्टॉप और अस्पतालों की हालत देखकर खुद देख सकती है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी सरकार को सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट में महारत हासिल है। पिछले एक वर्ष का आंकलन करे तो दिल्ली में केंद्र की यमुना सफाई योजना दिल्ली में विफल रही। क़ानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और क्राइम रेट बढ़ा है। केंद्र के अस्पतालों में जाँच मशीनो, डॉक्टर, नर्स और स्टाफ की कमी को पूरा करने में विफल रही।

#### मोदी सरकार ने प्रचार और जुमलों की राजनीति करके दिल्ली के लोगों को सिर्फ गुमराह किया

प्रदूषण नियंत्रण में विफल रही और ट्रैफिक जाम गंभीर समस्या का सरकार के पास कोई निवारण दिखाई नहीं देता। यादव ने कहा, मोदी सरकार प्रचार और जुमलों की राजनीति करके दिल्ली के लोगों को सिर्फ गुमराह किया है। पिछले एक साल में दिल्ली को जो योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं, इनमें अधिकांश या तो अधूरी हैं, या केवल दस्तावेजों पर कारगर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद सिर्फ प्रधानमंत्री के नाम पर वोट लेकर संसद में पहुंचे हैं, लेकिन अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाने और उनका निवारण करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। दिल्ली में महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, जल संकट और झुग्गियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। भाजपा की ट्रिपल इंजन दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम ने सफाई कर्मियों तक की अनदेखी की है। पुर्नवासित, झुग्गी झौपड़ी, अनाधिकृत कालोनियों में नागरिक सुविधाओं की कमी किसी से छिपी नही है।

### किसानों को खेती बाड़ी और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



**नई दिल्ली।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), दिल्ली एवं कृषि इकाई, विकास विभाग ने दिल्ली देहात के नजफगढ़ ब्लॉक के पंडवाला खुर्द एवं पंडवाला कलां, उजवा गांव में रविवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया। केवीके में अध्यक्ष डॉ डी के राणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में किसानों को आगामी खरीफ फसल, पशुधन का रखरखाव, प्राकृतिक खेती, गृह वाटिका, अनाज की खेती, मिट्टी एवं पानी की जांच एवं सरकारी योजनाएं आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में, कृषि इकाई, दिल्ली सरकार ने अधिकारियों ने दिल्ली में संचालित हो रही प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक खेती के अव्यव, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के शुरुआत में केवीके में अध्यक्ष डॉ डी के राणा ने सभी वैज्ञानिकों एवं किसानों का स्वागत करते हुए बताया कि तकनीकों एवं अनुसंधान को किसानों के खेतों पर पहुंचाने में कृषि विज्ञान केंद्रों का महत्वपूर्ण योगदान है एवं यह खेती व किसानों को समृद्ध करने के लिए 'लैब टू लैंड' विजन के साथ विज्ञान एवं वैज्ञानिक के साथ किसानों के खेत में पहुंचाने में फसल योगदान दे रहे हैं जो कार्यक्रम में किसानों की उत्साहित होकर भागीदारी करने से नजर आ रही हैं।

## वीकेंड पर आसमान से बरसी आग अधिकतम पारा पहुंचा 44 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसम के मिजाज बदलने का असर रहा कि वीकेंड यानी रविवार के दिन दिल्ली में सूरज ने आग बरसने जैसा महसूस कराया। हालात यह रहे कि राजधानी के आया नगर में अधिकतम पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान अनुमान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 2.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिकतम तापमान आया नगर में 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पालम दूसरे नंबर पर 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रिज एरिया में 42.9 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 42.3 डिग्री सेल्सियस, पूसा में 41.2 डिग्री सेल्सियस, नजफगढ़ में 41.6 डिग्री सेल्सियस और मयूर विहार में 40.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ।

#### बिजली की मांग भी लगी बढ़ने

नई दिल्ली। मौसम के मूड बदलने का असर दिल्ली में बिजली की मांग में बढ़ोतरी के रूप में दर्ज हुआ है। रविवार को सरकारी अवकाश के बावजूद अधिकतम बिजली की मांग का ग्राफ 6523 मेगावाट रहा। हालांकि शनिवार को यह मांग 6634 मेगावाट रही थी। बिजली की मांग में एक बार फिर से बढोतरी ने निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों के लिए सुचारू आपूर्ति की चुनौतियां जरूर खड़ी करनी शुरू कर दी है।

### तालाब पर हो रहा अवैध कब्जा, ग्रामीण परेशान



**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के बांकनेर गांव के एक तालाब की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है और इसके लिए बांकनेर रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। बांकनेर आरडब्ल्यूए ने पत्र में कहा कि इसकी जानकारी दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री आदि को भी की गई है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि तालाब जैसी सार्वजनिक हित की भूमि पर भू-माफिया ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस अवैध कब्जे को लेकर बांकनेर आरडब्ल्यूए की याचिका पर दिए गए आदेश की पालना में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई और इसके चलते भू-माफिया ने नए अवैध कब्जे करने शुरू कर दिए हैं। तालाब की पूर्व दिशा में पहले से ही अवैध कब्जा था तथा पश्चिमी कोने मंदिर के पास पास नया अवैध कर लिया है जिसकी शिकायत आरडब्ल्यूए ने वर्ष 2025 में की है जिस पर भी कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई हैं।

### दिल्ली के सेंट्रल जोन में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा नारंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए मेगा सफाई अभियान के तहत कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सेंट्रल जोन में फैले कूड़े ढेर की फोटो सोशल मीडिया एक्स पर दिखाते हुए भाजपा के इस अभियान की पोल खोलते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा दिखाई दे रहा है। भाजपा पर निशाना साधते हुए नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार ने मेगा सफाई अभियान चलाने का सिर्फ नाटक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री और मंत्री से लेकर भाजपा के नेताओं ने साफ जगह फोटो खिंचवाया और मेगा सफाई अभियान चलाने का फर्जी दिखावा किया।

### दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर पहली जनसभा को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# दिल्ली अब नाम नहीं, काम से पहचानी जाएगी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में अब नाम से नहीं, काम से पहचान जाएगी। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मोदी सरकार के 11 वर्ष, संकल्प से सिद्धि तक के अवसर पर जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित 'विश्वास के 100 दिन' कार्यक्रम के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का नेतृत्व जनकपुरी के विधायक और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने किया, जबकि स्थानीय सांसद कमलजीत सहरावत भी विशेष रूप से इस अवसर पर उपस्थित रहीं। जनसभा में स्थानीय नागरिकों ने भी इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सरकार के साथ विकसित दिल्ली के संकल्प को दोहराया। सीएम रेखा गुप्ता ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 100 दिनों में उनकी सरकार ने सिर्फ वादे नहीं किए, बल्कि धरातल पर काम कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है 'संकल्प से सिद्धि', और दिल्ली सरकार उसी भावना से जनता की सेवा में निरंतर जुटी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विधायक आशीष सूद की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वह 24 घंटे में से 18 घंटे जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। उन्होंने जनसभा में उपस्थित जनता से अपील की कि वह जनप्रतिनिधियों का साथ दें, क्योंकि अब दिल्ली में केंद्र, राज्य और नगर निगम' तीनों सरकारें एक साथ काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यह काम मेरा है या तेरा है की राजनीति नहीं चलेगी, बल्कि अब यह काम हमारा है की भावना से काम होगा। पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उस समय प्रचार बहुत होता था, काम बहुत कम होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नाम की नहीं, काम की सरकार है, जो प्रचार नहीं, सेवा में विश्वास रखती है। वहीं मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की प्रमुख योजनाओं और प्राथमिकताओं को साझा किया। मुख्यमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर 1000 वाटर स्प्रिंकलर शुरू करने, और यमुना में गिरने वाले नालों से 20 लाख मीट्रिक टन गाद निकालने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने ऑड-ईवन जैसे फैसलों को सिर्फ प्रचार का माध्यम बताया और कहा कि हमारी सरकार ने वास्तविक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर ऊंची इमारतों की छत पर एंटी-स्मॉग गन लगाए जा चुके हैं और जल्द ही दिल्ली में पहली बार कृत्रिम वर्षा की शुरुआत की जाएगी।

#### हमारी सरकार ने 100 दिनों में दिखा दिया कैसे धरातल पर काम किया जाता है : सूद

जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 100 दिन में ही यह दिखा दिया है कि जनभावनाओं का सम्मान और धरातल पर काम कैसे किया जाता है। सूद ने कहा कि जनकपुरी की धरती पर 'संकल्प से सिद्धि' के 11 वर्षों और 'विश्वास के 100 दिन' का पर्व मना रहे हैं। यह न सिर्फ उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भविष्य के लिए एक नई ऊर्जा का संकल्प भी है। दिल्ली की जनता वर्षों से जिन मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रही थी, जैसे साफ पानी, गड्ढा मुक्त सड़कें, बेहतर सीवर लाइनें और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं, वो अब जनकपुरी सहित पूरे दिल्ली में हकीकत बन रही हैं। हमारी सरकार ने सिर्फ घोषणाएं नहीं की, हमने प्राथमिकता तय की, योजनाएं बनाई, बजट तय किया और काम शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अब सेवा का पर्याय बन चुकी है।

## एमसीडी ने आयोजित किए 120 संपत्ति कर शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने करदाताओं को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अब तक 12 जोनों में 120 संपत्ति कर शिविरों का सफल आयोजन किया है। इन शिविरों में नागरिकों को संपत्ति कर दाखिल करने और कर माफी योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने में सहायता प्रदान की गई। एमसीडी प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित किए जा रहे इन संपत्तिकर शिविरों में नागरिक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। "संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो)" योजना के प्रति नागरिकों का उत्साह देखते हुए दिल्ली नगर निगम द्वारा आने वाले दिनों में और अधिक संपत्ति कर शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि सभी पात्र करदाता संपत्ति कर माफी योजना 2025-26, इस योजना का पूर्ण लाभ उठा सकें।

#### ब्याज और जुर्माना पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा

एमसीडी प्रशासन ने बताया कि सुनियो योजना के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2020-21 से पूर्व लंबित बकाया संपत्ति कर सहित ब्याज और जुर्माना पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। यदि करदाता वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 तथा पिछले पाँच वित्त वर्षों (2020-21 से 2024-25 तक) के मूल संपत्ति कर का बिना ब्याज और जुर्माने के भुगतान करते हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए करदाताओं को ऑनलाइन संपत्ति कर विवरणी भरनी होगी। यह विवरणी निगम की आधिकारिक वेबसाइट के लिंक **https://mcdonline.nic.in/ptrmcd/web/citizen/info** पर जाकर भरी जा सकती है।

**खबर संक्षेप**

## कमल प्रधान व सतीश जनरल सेक्रेटरी चुने

**फरीदाबाद।** रेजिडेंट वेलफेयर कौंसिल सेक्टर-17 फरीदाबाद के चुनाव सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए।



कमल जख्मी को प्रधान व सतीश कौशिक को जनरल सेक्रेटरी चुना गया। कम्युनिटी सेंटर पर आयोजित हुई बैठक में चुनावी प्रक्रिया पूरी की गई। एक्जीयूटिव कमेटी का गठन किया जाना है। नवनिर्वाचित प्रधान कमल जख्मी व महासचिव सतीश कौशिक ने कहा कि हम सभी मिलकर विकास कराएंगे।

## स्वास्थ्य जांच कैंप में निगमकर्मियों की जांच

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा में



नगर निगम द्वारा निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में मुख्यालय में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया । पार्क हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा कर्मचारियों के चेकअप किए गए। इसके अलावा सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं और स्थानीय आसपास के निवासियों द्वारा भी स्वास्थ्य जांच कराई गई।

## डॉ. चावला फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** डॉ. डिंपल चावला फाउंडेशन द्वारा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट के सहयोग से हार्डवेयर चौक स्थित भवनीश मैटल इंडिया लिमिटेड के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और 212 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर भवनीश मैटल इंडिया लिमिटेड के मालिक सुनील अरोड़ा, भुवनेश अरोड़ा, रवीश चावला और अर्पित चावला इत्यादि ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की ।

## कार ने ऑटो को मारी टक्कर, सवारी घायल

**गुरुग्राम।** सुशांतलोक थाना क्षेत्र में रॉंग साइड से आई कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो



चालक के पैर में चोटें आईं हैं और ऑटो से बैठी सवारियां भी सड़क पर गिर गईं। चालक के दोस्त की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सोनू तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपना ऑटो लेकर मिलेनियम सिटी सेंटर से चौक की ओर जा रहा था।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की



मोटरसाइकिल को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पुलिस चौकी टाउन नंबर दो में रमेश कुमार निवासी पदम नगर तिगांव रोड फरीदाबाद ने अपने शिकायत में बताया कि टाइल्स मार्केटिंग का काम करता है, जब वह किसी काम से एनआईअी में आया था।

## 1 साल की बच्ची को झाड़ियों में फेंका

**गुरुग्राम।** सेक्टर 10 थाना एरिया में कलयुगी मां-बाप ने अपनी एक साल की बेटी को कपड़े में



लपेटकर गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने उसको झाड़ियों से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गाजियाबाद में पुलिस चौकी के पास रेस्तरां में युवकों ने की तोड़फोड़

**गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में अपनी रसोई रेस्टोरेंट में शनिवार रात कुछ युवकों ने तोड़फोड़ की। हाथों में डंडे और रॉड लिए हमलावरों ने रेस्टोरेंट में घुसकर कुर्सियां तोड़ी और सामान नष्ट कर दिया। घटना के समय 40 ग्राहक रेस्टोरेंट में मौजूद थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।**

## 40 ग्राहकों ने रसोई में घुसकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन में मोरटा पुलिस चौकी से सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर स्थित अपनी रसोई रेस्तरां में शनिवार देर रात सात-आठ युवकों ने तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान कई परिवार भोजन कर रहे थे। हाथ में डंडे और राड लेकर आए हमलावरों ने लोगों को उठने तक का मौका नहीं दिया और ताबड़तोड़ टेबल और अन्य फर्नीचर पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। घटना के समय 40 ग्राहक रेस्तरां में मौजूद थे। अधिकांश ने रसोई में घुसकर जान बचाई। घटना सीसीटीवी में कैद है। हमले के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।

### हाथों में डंडे और राड लेकर आया था हमलावर



राजनगर एक्सटेंशन मुख्य मार्ग पर सिग्नेचर होम सोसायटी के पास अपनी रसोई के नाम से सतीश त्यागी रेस्तरां चलाते हैं। सतीश त्यागी के मुताबिक सप्ताहंत होने की वजह से शनिवार को रेस्तरां में भीड़ थी। रात 11 बजकर 20 मिनट पर साढ़े 11 बजे अचानक उनके रेस्तरां पर सात-आठ युवकों ने हमला बोल दिया। उस समय करीब 40 लोग परिवार के साथ भोजन कर रहे थे।

### रेस्तरां के शीशे के गेट पर डंडे बरसाने शुरू किए, डिनर कर रहे लोगों को डंडे से मारा

युवकों ने सबसे पहले रेस्तरां के शीशे के गेट पर डंडे बरसाने शुरू किए, लेकिन शीशा नहीं टूटा। इसके बाद अंदर घुसकर डिनर कर रहे लोगों की टेबल पर डंडे मारने शुरू कर दिए। हमलावरों का आक्रामक रूख देख बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और पुरूष तेजी से जान बचाने के लिए रेस्तरां की रेसाई की तरफ भागे। कुछ लोग टेबल पर बैठे रह गए और हाथ हिलाकर हमलावर युवकों को प्रयास किया, लेकिन उग्र युवकों ने उनकी तरफ ध्यान ही नहीं दिया। पूरे रेस्तरा में टेबल पर रखी क्राकरी में तोड़फोड़ की गई। एलईडी तोड़ दिया और दो लैपटाप तोड़ दिए। एक बिलिंग मशीन भी तोड़ डाली। आते और जाते हुए युवकों ने रेस्तरां के बाहर रखी दो टेबल में भी डंडे बरसाए। तीन युवकों ने चेहरे रूमाल से ढके हुए थे। इसके बाद युवक तेजी से बाइकों पर बैठकर फरार हो गए। एक कार भी थी जिसमें आरोपित सवार थे।

## कैबिनेट मंत्री ने श्रीराम कालोनी में किया विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

# फरीदाबाद को जल्द मिलेंगे सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयरः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

*कैबिनेट मंत्री रविवार को ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की श्रीराम कॉलोनी पहुंचे थे, जहां उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। श्रीराम कॉलोनी पहले कच्ची हुआ करती थी।*

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि फरीदाबाद जिले को बहुत जल्द सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर मिलने वाले हैं। इस संबंध में सभी प्रक्रिया पार्टी और संगठन स्तर पर चल रही है और इसमें कोई रुकावट नहीं है। कैबिनेट मंत्री रविवार को ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की श्रीराम कॉलोनी पहुंचे थे, जहां उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि श्रीराम कॉलोनी पहले कच्ची हुआ करती थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अब यह कॉलोनी पूरी तरह पक्की कर दी गई है और यहां विकास कार्य भी जोरों पर हैं। मंत्री ने स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने बरसात के मौसम को लेकर तैयारियों की जानकारी भी दी। कहा कि मानसून से पहले शहर में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए सभी नालों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही शहर के सभी नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी, जिससे बरसात के समय किसी भी क्षेत्र में पानी जमा होने की स्थिति पैदा न हो। गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चयन में कहीं कोई पेच नहीं है, यह पूरी तरह से संगठनात्मक प्रक्रिया है, जो तय समय पर पूरी कर ली जाएगी और फरीदाबाद को यह दोनों पदाधिकारी जल्द ही मिल जाएंगे। स्थानीय लोगों ने मंत्री का आभार जताया और कहा कि वर्षों से उपेक्षित इस कॉलोनी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर विकास कार्य शुरू हुए हैं।

**मानसून से पहले जलभराव की समस्या को रोकने के लिए सभी नालों की सफाई**

**कॉलोनी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर विकास कार्य को अंजाम दिया जा रहा है**



### 231 शिकायतों का निराकरण कर 26 साइबर अपराधी पकड़े

*फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 31 मई से 6 जून तक पुलिस ने 231 शिकायतों का निराकरण करते हुए 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने रविवार को बताया कि इस सप्ताह फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने आठ मुकदमों को सुलझाते हुए 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल व बल्लभगढ़ के चार-चार मामले शामिल हैं। इस दौरान साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 लाख 5 हजार 390 रुपए बरामद किये हैं। 231 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 31 हजार 700 रुपए रिफंड करवाये हैं तथा करीब चार लाख 50 हजार रुपए बैंक खातों में ब्लॉक कराए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में फरासथ मकबूल ख्वाजा, चंदन राव, सुनील कुमार शर्मा, चिराग दुआ, राहुल चौहान, विक्रमजीत सिंह, राजेश कुमार, भुवन तनेजा, अभिषेक हंस, सतनाम सिंह, विवेक कुमार, बृज खन्ना, अभिषेक कुमार, अंश गुप्ता, हर्ष गर्ग, रशीद, सोनू कुमार, अरशद कुरैशी, सौम्य विज, आसिफ खान, आगम गौतम भाई शाह, विक्रम मीणा, अंकुर, वंदना ठाकुर, महेश व रमन अरोड़ा का नाम शामिल है।*

### गुरुग्राम पार्षदों को मिला कार्यालय

## निगम आयुक्त ने नियमों का हवाला देते हुए पहले किया था अस्वीकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम के पार्षदों को आखिरकार कार्यालय और कर्मचारी की सुविधा मिल गई है, यह सब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सीधे आदेश के बाद ही संभव हो पाया है। चौंकाने वाली बात यह है कि निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने पहले पार्षदों की इस मांग को नियमों का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया था। सीएम के आदेश के बाद नियमों को कथित तौर पर दरकिनार कर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम की पहली ही बैठक में पार्षदों ने अपने लिए कार्यालय और कर्मचारियों की मांग रखी थी ताकि वह अपने-अपने वार्डों के लोगों की समस्याओं को बेहतर ढंग से सुन सकें और उनका समाधान कर सकें।

**सीएम के सामने लगाई थी गुहार**

हालांकि, निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने स्पष्ट रूप से इस सुविधा को देने से इंकार कर दिया था। बताया गया था कि नियमों के अनुसार किसी भी पार्षद को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा सकती हैं। निगम आयुक्त की मनाही के बाद, पार्षदों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया। उन्होंने स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा और मेयर के साथ मिलकर सीधे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने अपनी गुहार लगाई। पार्षदों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और बताया कि कार्यालय और कर्मचारियों के अभाव में उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में कठिनाई हो रही है।

**मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बदली स्थिति**

सीएम नायब सिंह सैनी ने पार्षदों की मांग पर विचार किया और कथित तौर पर निगम आयुक्त को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सीएम के आदेश के बाद ही निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने पार्षदों को कार्यालय व कर्मचारी उपलब्ध करवाने की हामी भरी है।हालांकि, इस घटनाक्रम ने नियमों की अनदेखी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर निगम के नियमों में स्पष्ट रूप से पार्षद को कार्यालय व कर्मचारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रावधान नहीं है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

## नशीले एमडीएमए व गांजा के साथ तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस ने सूचना के आधार पर डीएलएफ फेस-1 व सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर एमडीएमए व गांजा सप्लाई करने दिल्ली से आए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की तलाशी अलग-अलग दो ड्यूटी मजिस्ट्रेट से कराई और अलग-अलग दो केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएलएफ फेस-1 थाना के एएसआई कपिल ने दर्ज शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर था। तभी उसे सूचना मिली कि कासिम व फैइम गुरुग्राम में नशा की सप्लाई करने आ रहे हैं। इसके बाद एक सीएनजी ऑटो में आए दो युवकों को काबू किया। पूछताछ में कासिम व फैइम को ऑटो भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीईटीसी प्रतीक ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। दोनों आरोपियों के कब्जे से 13.06 ग्राम एमडीएम बरामद हुआ। पुलिस ने 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया और दोनों को पुलिस को सौंप दिया।

वहीं सेक्टर-29 थाना पुलिस को सूचना मिली कि सुशांत लोक एक व्यक्ति घर बैठकर गांजा सप्लाई करता है। जिसके साथ जिसके साथ एक विदेशी महिला भी रहती है। जो फिलहाल अवैध नशीला पदार्थ के साथ सुशान्त लोक गुरुग्राम में है। इसके बाद सुशान्त लोक के तलाशी वारंट लेकर डीसीपी क्राइम के निर्देश पर कार्रवाई की गई। जब पुलिस टीम घर पहुंची तो एक व्यक्ति सोफा पर बैठा हुआ दिखाई दिया। जिसने अपने हाथ में लिए हुए एक पॉलीथीन को छुपना की कोशिश की। जिसे पुलिस ने काबू कर उससे पूछताछ की तो उसकी पहचान अनन्त ग्रोवर के रूप में हुई। इसके बाद तलाशी लेने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिस पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट अमन कुमार वर्मा ईटीओ कम डीईटीसी ने आरोपी अनंत ग्रोवर की तलाशी ली, जिसके कब्जे से बरामद पॉलिथीन में 766 ग्राम समेत कुल एक किलो 110 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### ब्राह्मण सभा ने विद्यार्थियों का किया सम्मान

## भारतीय संस्कृति में शिक्षा लेना-देना ब्राह्मणों का है मूल कर्तव्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गत वर्षो की भांति जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा की ओर से रविवार को अनाज मंडी स्थित ब्राह्मण भवन में दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में खेल के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने खिलाडिय़ों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान बृजमोहन बातिश ने और मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद शर्मा ने शिरकत की। समारोह को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने पर जितेंद्र दीक्षित, सुखबीर शर्मा व शिक्षाविद तेजपाल शर्मा को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा लेना व शिक्षा देना ब्राह्मणों का मूल कर्तव्य है।

समारोह में काकुल शर्मा, दीपेश पाराशर, मोनिका शर्मा, श्रेया शर्मा, श्वेता, टिवंकल, नेहा पंत, युक्ती शर्मा, नकुल भारद्वाज, पायल वशिष्ठ, अनन्या तिवारी, पार्थ शर्मा, सिया शर्मा, आर्यन भारद्वाज, कार्तिकेय शर्मा, पावनी वत्स, गरिमा शर्मा, गर्वित कुमार, मृदुल शर्मा, अदिति शर्मा, निशांत शर्मा, लक्ष्य वत्स, दिव्या शर्मा, जिया कौशिक, सोनल शर्मा, अभिराज कौशिक, नैंसी, सलोनी, मोनी, मोनिका, तमन्ना भारद्वाज, योगेन्द्र, देवराज, रिद्धिमा कौशिक को सम्मानित किया गया।

## लेबर कोड्स मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज 9 जुलाई को हड़ताल से देंगे मजदूर जवाब

### मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड्स को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्र एवं राज्य सरकार की मजदूर एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश के लाखों कर्मचारी व मजदूर 9 जुलाई को हड़ताल करेंगे। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान भारतीय मजदूर संघ (बीएसएस) को छोड़क़र देश की अन्य सभी 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी संघों की सैकड़ों फेडरेशन ने संयुक्त रूप से किया है। हरियाणा में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व हरियाणा कर्मचारी महासंघ सहित सभी प्रमुख कर्मचारी संगठनों के अलावा मजदूर संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) इंटक, एटक, एचएमएस व एआईयूटीयूसी से जुड़े लाखों की तादाद में कर्मचारी और मजदूर शामिल होंगे।

यह हड़ताल 29 श्रम कानूनों को खत्म कर बनाए गए मजदूर विरोधी चार लेबर कोड्स को वापस लेने,



सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक, ठेका कर्मियों व स्कीम वर्करों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाली,26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन और रिक्त पदों को भर बेरोजगारों को रोजगार देने,निर्माण श्रमिकों सहित मजदूरों के लिए बने विभिन्न बोर्डो को मजबूत कर सभी सुविधाएं देना और मनरेगा में 200 दिन काम ओर 800 रुपए मजदूरी तय करने आदि मुद्दों को लेकर की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को खत्म कर बनाए गए चार लेबर कोड्स मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज है, जिसके खिलाफ 9 जुलाई को देश के करोड़ों मजदूर और कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे और सरकार को माकूल जवाब देंगे। हिंद मजदूर सभा हरियाणा के प्रधान एसडी त्यागी ने बताया कि 9 जुलाई की हड़ताल ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी। राज्य में इसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में आमजन और मजदूरों के असली मुद्दों की बजाय मेहनतकशों की एकता तोडऩे की नीतियों लागू की जा रही है। महंगाई -बेरोजग़ारी चरम पर है।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के महासचिव जय भगवान ने कहा कि पिछले दस सालों में मजदूरों के न्यूनतम वेतन रिवाइज नही किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 9 जुलाई की हड़ताल के प्रमुख मुद्दों में 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, ठेका व स्कीम वर्करों को नियमित करने, निजीकरण पर रोक, पुरानी पेंशन बहाली आदि शामिल हैं।

इंटक के अमित यादव,एटक के अनिल पवार व एआईयूटीयूसी के सचिव ने बताया, तैयारियां शुरू हो चुकी है।

# फरीदाबाद में मिले कोरोना के 3 नए मामले, कुल संख्या 52 तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कोरोना संक्रमण एक बार फिर पांव पसारने लगा है। तीन और नए मामले सामने आने के बाद अब संक्रमितों की संख्या 52 पहुंच गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि 24 मरीज अब तक स्वस्थ्य भी हो चुके है। ताजा मामलों में सेक्टर-45 से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पुरुष, बल्लभगढ़ क्षेत्र से 53 वर्षीय महिला और जवाहर कॉलोनी से 30 वर्षीय महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। अब तक 24 संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। इन मरीजों को खांसी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षण महसूस हुए, जिसके बाद इन्होंने



निजी अस्पताल में जाकर कोरोना जांच कराई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों को चिकित्सकीय निगरानी में होम आइसोलेशन पर रखा है। इन मरीजों के परिजनों की भी कोरोना जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तीनों मरीजों में कोरोना का ओमिक्रोन वेरिएंट पाया गया है, जो हल्के लक्षण पैदा करता है। इस कारण किसी भी मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी है। सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त बीके अस्पताल में खांसी, जुकाम और सामान्य बुखार से पीड़ित मरीजों के लिए कोरोना जांच की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अस्पताल परिसर में एक अलग से फ्लू सेंटर भी बनाया गया हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना के लक्षण नजर आने पर तुरंत जांच कराएं और कोविड से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों जैसे मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

# कबाड़ गोदाम में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव बुढेना क्षेत्र के पास स्थित प्रिंसेस पार्क सोसाइटी के पीछे एक कबाड़ के गोदाम में शनिवार देर रात आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं। धुएं का गुबार चारों ओर फैल गया जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शी अब्दुल हाफिज ने बताया कि आग लगते ही लोगों ने उसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही समय में आग विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर



ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । कबाड़ का गोदाम म्यांमार से आए रोहिंग्या समुदाय के लोगों का है, जो पिछले 8-9 वर्षों से इसी क्षेत्र में रहकर सड़कों से प्लास्टिक, थर्माकोल व अन्य कचरा एकत्र कर बेचने का काम करते हैं। यहां करीब 80 से 100 झुग्गियां भी बनी हुई हैं। गनीमत रही कि झुग्गियों तक आग नहीं पहुंची, जितना भी कबाड़ था सब जलकर खत्म हो चुका है, कुछ लोगों का रिक्शा भी जल गए हैं घटना की जानकारी मिलते ही बीपीटीपी थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे । उन्होंने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग मिलकर इस मामले की जांच कर रहे हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। राहत की बात यह रही कि इतनी बड़ी आग के बावजूद किसी को कोई चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

## खबर संक्षेप

### चुनाव से पहले सहनी का कैंपेन सॉन्ग लॉन्च



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी ने पटना में पार्टी का अधिकार गीत 'है हक हमारा आरक्षण' लॉन्च किया। सहनी ने कहा कि ये सिर्फ गीत नहीं, हमारे समाज की हुंकार है। आरक्षण हमारा हक है और हम लेकर रहेंगे। मौके पर कहा कि भाजपा के सत्ता में रहते पिछड़ों और एससी के लिए आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ सकता। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही जिसकी जितनी आबादी उन्हें उतनी भागीदारी मिलेगी।

### दिल्ली में धरने पर बैठे झारखंड के भाजपा एमएले



**रांची।** दिल्ली स्थित झारखंड भवन में बुक कराए गए दो की जगह मात्र एक कमरा देने से नाराज पांकी के भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शुक्रवार को झारखंड भवन में ही धरना पर बैठ गए। भवन की प्रबंधकीय व्यवस्था का विरोध किया। इधर, मामले में सियासत भी गर्म हो गई है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने जनप्रतिनिधि के साथ ऐसे व्यवहार की निंदा की है।

### जमीन विवाद में दारोगा समेत 3 को मारी गोली



**पटना।** यहां धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवती गांव में रविवार को जमीन विवाद पर पंचायती में हुई फायरिंग में सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार, उनके बेटे सावन कुमार और भतीजे रोहित कुमार को गोली लगी है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल दारोगा सहरसा में तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक भूमि विवाद को लेकर हो रही पंचायती के दौरान रोड़ेबाजी के बाद फायरिंग हुई थी। करीब 20 राउंड गोलियां चलीं। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई।

## पटना में 12 जून को महागठबंधन की बैठक, तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा चुनाव पर मंथन

**तेजस्वी को चुना गया था को-ऑर्डिनेशन कमेटी का अध्यक्ष**

एजेंसी ▶▶ पटना

आगामी 12 जून को पटना में महागठबंधन के घटक दलों की बैठक होगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ ही इस बैठक में सभी उपसमितियों के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले अब तक महागठबंधन की तीन बैठकें हो चुकी हैं। पहली बैठक 17 अप्रैल को राजद कार्यालय में हुई। फिर 24 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं का जुटान हुआ। चार मई को दीघा में महागठबंधन के सभी दलों के जिला से लेकर प्रदेश स्तरीय नेताओं की बैठक हुई।

महागठबंधन की पहली बैठक में तेजस्वी यादव को को-ऑर्डिनेशन कमेटी का अध्यक्ष चुना गया था। तेजस्वी ही महागठबंधन को लीड करेंगे। हालांकि बिहार कांग्रेस प्रभारी अल्लावरू ने कहा था कि सीएम फेस पर कोई कंफ्यूजन नहीं है। दूसरी बैठक में महागठबंधन की 21 लोगों की कॉ-ऑर्डिनेशन कमेटी बनी थी। इसमें सोशल इंजीनियरिंग का भी ख्याल रखा गया था। जिसमें तेजस्वी प्रसाद यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी और रणविजय साहू हैं।

### बिहार का कर रही बंटाधार, 20 साल से सत्ता में लालू का एनडीए पर तीखा हमला



*आरजेडी चीफ लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नीतीश सरकार को घेरा है। उन्होने लिखा कि देश में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई है। गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार से बिहार समेत पूरे देश के लोग परेशान हैं। बिहार में काम के नाम पर दिखावा हो रहा है। 20 वर्षों से सत्ता में बैठी सरकार बिहार का बंटाधार कर रही। सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। अफसरशाही हावी है। सरकार को आम जनता की कोई सुध नहीं है। लालू प्रसाद ने कहा कि देश में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई है। गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार से बिहार समेत पूरे देश के लोग परेशान हैं। बिहार में काम के नाम पर दिखावा हो रहा है।*

### पहले दहलाने की थी साजिश अब गिड़गिड़ा रहा फैजान

**रांची।** झारखंड का आईएसआईएस का संदिग्ध फैजान अंसारी ने गिरफ्तारी के करीब दो साल बाद गिरफ्तारी के समय खुद के जुवेनाइल (नाबालिग) होने का दावा किया है। इसको लेकर जुवेनाइल एक्ट के तहत अदालत में याचिका दाखिल की है। जिसपर एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। आरोपी का दावा सही निकला तो वर्तमान में चल रही सुनवाई स्थगित हो जाएगी। नाबालिग घोषित होने पर मामला चिल्ड्रेन कोर्ट में स्थानांतरित हो जाएगा।

## विपक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा- जनता से मक्कारी करती थी पिछली सरकार, हम मक्का उत्पादन बढ़ाते हैं, किसानों की बढ़ाते आय

*औरैया पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, नौकरियों पर चाचा-भतीजे की दृष्टि के कारण भर्ती विवादित हो जाती थी। नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ होता था। हमने 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के औरैया पहुंचे सीएम योगी ने कहा आईसीआर के लैब में बैठे वैज्ञानिकों, कृषि विवि के प्राध्यापकों और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों को केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ने पहली बार किसान के खेत तक भेजने का कार्य किया है। लैब टू लैंड की प्रक्रिया, बीज से बाजार तक किसान के हित को सर्वोपरि मानते हुए चलाए गए अभियान का हिस्सा है।

जिस प्रदेश में किसान पहले केवल एक-दो फसल तक सीमित रह जाता था, आज वहां तीसरी फसल (मक्का) का पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादन करके किसान अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं और यही किसान के परिवर्तन का आधार है। मुख्यमंत्री विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत जनता डिग्री कॉलेज अजीतमल औरैया में मक्का किसानों से संवाद कर रहे थे। सीएम योगी ने इस दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में गुंडे-माफिया हावी थे।

### 15 जून को केंद्रीय गृहमंत्री के हाथों 60 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा



*नौकरियों पर चाचा-भतीजे की दृष्टि के कारण भर्ती विवादित हो जाती थी। नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ होता था। हमने 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। 15 जून को गृह मंत्री के हाथों यूपी पुलिस के 60 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। हमारी सरकार में 2.16 लाख से अधिक भर्ती केवल यूपी पुलिस में की जा चुकी है। पुलिस को टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया। 1.60 लाख शिक्षक भर्ती के साथ ही अन्य विभागों में भी पारदर्शी नियुक्ति की गई। कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति से हुए निवेश के कारण 65 लाख युवाओं को नौकरी दी है। ओडीओपी के माध्यम से लगभग दो करोड़ नौजवानों को रोजगार की सुविधा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के विकसित भारत के अभियान को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का संकल्प यूपी के 20-25 जनपदों में मकई की खेती के माध्यम से देखने को मिल रहा है। एक किसान प्रति हेक्टेयर ढाई लाख रुपए की आमदनी कर रहा है। यानी एक लाख रुपए की प्रति एकड़ आय हो रही है। वह तीन फसल (आलू, मकई व धान) बो सकता है। अन्नदाता किसान अपने पुरुषार्थ से देश की समृद्धि में सहायक हो रहा है।*

### राज्य सरकार भी किसानों के भविष्य को संवारने के लिए कर रही कार्य

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले किसान आत्महत्या कर रहा था। गन्ना किसानों को भुगतान नहीं हो रहा था। मकई, तिलहन, दलहन, आलू, बाजरा, ज्वार, धान, गेहूं के लिए क्रय केंद्र नहीं चलते थे। सबसे पहले 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ कर्जमाफ किया। फिर सिंचाई की क्षमता को विकसित करने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का सहारा लिया। अब तक 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचन की सुविधा दी। 15 लाख निजी ट्यूबवेल को फ्री में बिजली की सुविधा दी गई। इसके बदले सरकार 2700 करोड़ रुपए बिजली विभाग को देती है।

### मुख्यमंत्री योगी के हाथों मिला उद्यमियों को सम्मान

सीएम योगी ने नारायणी देवी को मिनीबीज किट, राजेश दीक्षित को कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए 24 लाख, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत रेशू कुमार को पांच लाख का चेक, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सुमन को स्वीकृति पत्र, पंचायत कल्याण कोष के लिए गुड्डी देवी को चेक, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत कांति देवी को पांच लाख का चेक और श्रीमान सिंह को घरौंनी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## चुनाव लड़ने को लेकर चिराग का बड़ा ऐलान
## बिहार और बिहारियों के लिए चुनाव लड़ूंगा, सीट पर सस्पेंस



एजेंसी ▶▶ आरा

बिहार के आरा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बड़ी घोषणा कर दी है। सांसद चिराग पासवान अब विधायक का चुनाव लड़ेंगे। आरा में इस बात की घोषणा करते हुए चिराग पासवान ने कह दिया है कि बिहार के लिए नहीं बल्कि बिहारियों के लिए बिहार विधानसभा का चुनाव जरूर लड़ूंगा।

इस जनसभा में भोजपुर जिले के अलावा पटना, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद व अरवल समेत अन्य जगहों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### 243 सीटों पर लड़ूंगा विधानसभा चुनाव

आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में रविवार को लोजपा रामविलास के नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। वहीं एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई। चिराग ने साफ कर दिया है कि हां मैं बिहार से विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार के लिए चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। बिहार को फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट बनाने के लिए चुनाव लड़ूगा। मैं बिहार के लिए नहीं बिहारियों के लिए चुनाव लड़ूंगा। मेरा गठबंधन सिर्फ और सिर्फ बिहार की जनता के साथ है।

### जनता पर छोड़ा सीट चयन का जिम्मा

चिराग ने वादा किया कि बिहार को देश का नंबर-1 राज्य बनाकर रहेंगे। कहा कि मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। तब यहां की जनता ने ही मेरा साथ दिया। बिहार की जनता ही मेरा परिवार है। ऐसे में अब यह फैसला भी बिहार की जनता को ही लेना है कि मैं कहां से विधानसभा चुनाव लड़ूं। यह भी आप पर ही छोड़ता हूं। आप जहां से बोलेंगे मैं वहां से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और आपके क्षेत्र का विधायक बनूंगा। विपक्ष पर हमला बोलते हुए चिराग ने कहा कि लोग भूल गए कि मैं शेर का बेटा हूं। मुझे और मेरी पार्टी खत्म करने की साजिश रची गई थी।

## पेज एक का शेष

### इसरो और नासा मिलकर...

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई सहमति का परिणाम है, जिसमें भारत और अमेरिका ने अंतरिक्ष सहयोग को और मजबूत करने का वादा किया था।

### मिशन स्पेसएक्स के...

संयुक्त विज्ञान परियोजनाओं और दो स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) से जुड़े इन-ऑर्बिट प्रयोगों के जरिए भी दिखेगा।

### बीते 11 साल में आत्मनिर्भर...

पढ़ाओ', 'मिशन शक्ति', और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसी योजनाओं से महिलाओं को शिक्षा, हुनर, रोजगार और नेतृत्व के अवसर मिले हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और कृषि सहायता योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक मजबूती दी है। आज महिलाएं पंचायतों से लेकर सेना और अंतरिक्ष अनुसंधान तक हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं।

### 11.07 करोड़ महिलाओं ...

सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) से अब तक 16.6 करोड़ महिलाओं को लाभ मिला है, जबकि जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाय) से 11.07 करोड़ महिलाओं को सहायता मिली है और सुमन योजना के तहत 90,015 स्वास्थ्य केंद्र अधिसूचित किए गए हैं। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 5,000 रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है।

### राहुल के आरोपों पर चुनाव...

सकता है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा, चुनाव की शुचिता के साथ-साथ मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए निर्वाचन आयोग ऐसा करता है। राहुल गांधी मतदाताओं की गोपनीयता का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं, जिसकी चुनाव कानूनों के अनुसार निर्वाचन आयोग को रक्षा करनी होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी गड़बड़ी से निपटने के लिए गांधी को उच्च न्यायालयों पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाकर गांधी ने वास्तव में अपनी ही पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ स्तर के एजेंट और महाराष्ट्र में अपनी ही पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतदान एवं मतगणना एजेंट पर सवाल उठाए हैं।

### ये हैं राहुल गांधी ...

बल्कि सच बोलने सेबचेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दो समाचार पत्रों में लेख लिखकर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। उन्होंने कहा था कि यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भाजपा हार रही होगी।

### जस्टिस वर्मा के ....

इसके लिए किसी अनुमोदन की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि मार्च में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी। उस वक्त जस्टिस वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। आग के दौरान जस्टिस वर्मा के आवास के आउटहाउस में नकदी की कई जली हुई बोरियां मिलीं थीं। हालांकि जस्टिस वर्मा ने नकदी के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त जांच समिति ने कई गवाहों से बात करने और उनके बयान दर्ज करने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को दोषी ठहराया था। जस्टिस वर्मा को सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया है, जहां उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है।

पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित की, जिसने अपने रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी माना। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए कहा था।

### कमलम की खेती...

मिली की 'कमलम' की खेती में पहले दो वर्ष तक उतना फायदा नहीं होता, लेकिन तीसरे साल के बाद 6 से 7 लाख रुपये आसानी से बचाए जा सकते हैं। टमाटर के खेतों का भी भ्रमण किया मुझे किसान भाइयों ने ही बताया, कई बार कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद भी 3 से 4 लाख रुपये प्रति एकड़ कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'लैब से लैंड' जुड़ना जरूरी है। रिसर्च की रीयल टाइम में किसानों तक पहुंच हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जलवायु और क्षेत्र की विशेषता के अनुसार फलों, सब्जियों और फसलों की उपज की सही जानकारी किसानों तक पहुंचनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक 'विकसित भारत' की परिकल्पना की है। इसलिए विकसित भारत के लिए विकसित कृषि और समृद्ध किसान जरूरी है। बिना कृषि के विकास संभव नहीं है। आज भी 50 प्रतिशत आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जीडीपी में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी कृषि क्षेत्र की है। साथ ही इस वर्ष चौथी तिमाही में जीडीपी की विकास दर 7.5 प्रतिशत है, जिसमें कृषि का योगदान 5.4 प्रतिशत है। कृषि में 1 या 2 प्रतिशत की विकास दर बड़ी मानी जाती है। उस लिहाज में यह समझा जा सकता है कि किस प्रकार हम कृषि क्षेत्र में उन्नति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मैं किसान भाइयों-बहनों को प्रणाम करता हूं, वह चमत्कार कर रहे हैं। लेकिन आगे भी अनंत संभावनाएं हैं। शिवराज सिंह ने नकली बीजों, उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रति भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन बीज या कीटनाशक बनाने वालों के प्रति सरकार सख्ती से पेश आएगी। कानून बनाया जा रहा है। ऐसे कृत्य में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सांसद व पूर्व मंत्री एम सी सुधाकर, विधायक, एस आर विश्वनाथ, डॉ. एस के सिंह, महानिदेशक बागवानी संस्थान, नई दिल्ली, डॉ. राघवेंद्र भट्टा, महानिदेशक, पशु विज्ञान संस्थान नई दिल्ली, डॉ. वी. सुब्रमण्यम डायरेक्टर बागवानी संस्थान बेंगलुरु , वैज्ञानिक, छात्र, व किसान शामिल रहे।

### सभा को संबोधित....

लगातार गोलियों की आवाज सुनाई दे रही है। कुल आठ फायरिंग की आवाज सुनाई देती है। उरीबे की पार्टी 'डेमोक्रेटिक सेंटर' के मुताबिक कुछ हथियारबंद हमलावरों ने उन्हें पीछे से गोली मारी। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहली गोली उनके सिर पर पीछे से लगी। हमले के बाद सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें वायरल हुईं, उनमें उरीबे खून से लथपथ दिखाई दे रहे हैं। सिर और पीठ में गंभीर चोटें नजर आ रही हैं। बता दें कि मई 2026 में कोलंबिया में राष्ट्रपति के चुनाव हैं। मिगुएल उरीबे टर्बे को संभावित राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार माना जा रहा है। इसको लेकर वह पूरे देश में चुनावी रैलियां भी कर रहे हैं।

### कौन हैं मिगुएल ...

जिसे पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे ने स्थापित किया था। मिगुएल की मां डायना तुरबाय एक जानी-मानी पत्रकार थीं। 1991 में पाब्लो एस्कोबार के मेडेलिन कार्टेल की ओर से उन्हें अगवा कर लिया गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई थी। 1990 के दशक की शुरुआत में ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार के दौर के बाद से यह पहली बार है कि किसी हाई-प्रोफाइल नेता पर इतना बड़ा हमला हुआ है।

## शराब घोटाले में एसीबी को मिला सुराग
## 11 जून को सिद्धार्थ सिंघानिया को मुख्यालय में हाजिर होने का नोटिस

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया समेत कई को नोटिस भेजा है। एसीबी झारखंड ने शराब घोटाले से जुड़े मामले की शुरुआत जांच में पाया है कि सिद्धार्थ सिंघानिया की भूमिका तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे के साथ मिलकर शराब नीति बनवाने में थी। इसके बाद उसने सचिव और अन्य पदाधिकारियों से मिलीभगत कर प्लेसमेंट एजेंसियों का चयन कराया। एसीबी ने अपने नोटिस में 11 जून को सिद्धार्थ सिंघानिया को दिन के 10.30 बजे तक एसीबी मुख्यालय में जांच पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का नोटिस भेजा है।



सिद्धार्थ सिंघानिया छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े केस में भी संदिग्ध रहा है। छत्तीसगढ़ में ईडी ने अक्तूबर 2024 में सिद्धार्थ सिंघानिया के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। उस समय ईडी को जो डायरी मिली थी, उसमें झारखंड के शराब कारोबार में सिद्धार्थ सिंघानिया की संलिप्तता की जानकारी मिली थी।

## मुजफ्फरपुर रैली में बोले उपेंद्र कुशवाहा
## उत्तर भारत में 31 लाख पर 1 सांसद, दक्षिण में 21 लाख पर

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा(आरएलएम) रविवार को मुजफ्फरपुर में रैली हुई।। मुजफ्फरपुर क्लब मैदान में रैली का आयोजन किया गया जिसका नाम है -'संवैधानिक अधिकार, परिसीमन सुधार महारैली'। इसके माध्यम से पार्टी अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया ताकि विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर अपनी दावेदारी कर सके। रैली में कुशवाहा ने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों में 31 लाख पर एक सांसद तथा दक्षिण भारतीय राज्यों में 21 लाख पर एक सांसद होता है।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन नहीं होने से उत्तर भारत के राज्यों को नुकसान हो रहा है।



परिसीमन का आधार जनसंख्या होता है। लेकिन पिछले 50 सालों में किसी न किसी बहाने दो बार परिसीमन पर रोक लगाई गई। इसका नुकसान हिंदी पट्टी के राज्यों को विभिन्न योजनाओं में मिलने वाली राशि के नुकसान के तौर पर झेलना पड़ा है। उन्होंने डोमिसाइल नीति पर तेजस्वी यादव पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आबादी के आधार पर केंद्र और राज्य सरकार की चलाई जाने वाली योजनाओं में भी राशि के आवंटन में हकमारी होती है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेगा नया स्मार्ट शहर
## 94 गांवों की जमीन पर किया जाएगा विकसित, 14 लाख लोगों को मिलेंगे घर

एजेंसी ▶▶ आगरा

ताज नगरी अब भविष्य का स्मार्ट शहर बनने की राह पर है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) न्यू आगरा अर्बन सेंटर को एक सुनियोजित, प्रदूषणमुक्त और औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध शहर के रूप में विकसित करने जा रहा है।

इसके लिए जोनल प्लान तैयार हो चुका है और जून में आगरा विकास प्राधिकरण, उद्यमियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ विशेष बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में उद्योगों, बुनियादी ढांचे और प्लान में जरूरी सुधारों पर सुझाव लिए जाएंगे। नया शहर यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित किया जाएगा, लेकिन ताजमहल की सुंदरता और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ताज ट्रैपेजियम जोन (टीटीजेड) को पूरी तरह से प्रदूषणमुक्त रखा जाएगा।

यहां किसी भी प्रकार की औद्योगिक गतिविधि की अनुमति नहीं होगी जो ताज के सौंदर्य और वातावरण को प्रभावित करे। जोनल प्लान की आधार रिपोर्ट में क्षेत्र की जनसंख्या घनत्व, सड़कों की जरूरत, ट्रांसपोर्ट सिस्टम, जल स्रोत (जैसे यमुना), पर्यावरणीय प्रभाव, उद्योग और व्यापार की संभावनाओं का विश्लेषण किया जा चुका है।



### औद्योगिक क्षेत्र से शुरुआत, 14.6 लाख लोगों के लिए बनेंगे आवास

पहले चरण में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्मार्ट शहर में 14.6 लाख लोगों के लिए आवासीय सुविधा और करीब 8.5 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन की योजना है। शहर का विकास पहले 36 गांवों में होगा, जिसके बाद शेष 58 गांवों की 9500 हेक्टेयर भूमि को शामिल करते हुए विस्तार होगा।

### तैयारी अंतिम चरण में है

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि न्यू आगरा को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की तैयारी अंतिम चरण में है। जून में स्टेकहोल्डर्स के सुझाव लेकर जोनल प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा। जो भी आवश्यक संशोधन होंगे, उन्हें शामिल किया जाएगा।

डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण



# एटली की फिल्म में दीपिका की एंट्री से फैंस उत्साहित...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की प्रभास स्टारर फिल्म 'स्पिरिट' को छोड़ने के बाद अब दीपिका पादुकोण के हाथ एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म लगी है। दीपिका की 'जवान' फेम निर्देशक एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म में एंट्री हुई है। आज दीपिका के अनाउंसमेंट का टीजर जारी किया गया। जिससे ये पता चलता है कि फिल्म में दीपिका एक योद्धा का किरदार निभाएंगी। इस दौरान वो तलवारबाजी और घुड़सवारी करती भी दिखेंगी। अभी फिल्म को 'AA22xA6' के नाम से जाना जा रहा है। अब 'स्पिरिट' से बाहर होने के बीच दीपिका के एटली-अल्लू की फिल्म में जुड़ने पर फैंस ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं।

लाइफ Style



# सोनाक्षी
## वायरल की चपेट में आईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा वायरल की चपेट में आ गई हैं। उन्हें बुखार के साथ-साथ खांसी भी है। अभिनेत्री ने आज रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फैंस को अपनी हेल्थ के बारे में अपडेट दिया है।

पति जहीर इकबाल सोनाक्षी का खूब ख्याल रख रहे हैं और ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें हंसाने में भी कसर नहीं छोड़ रहे। सोनाक्षी सिन्हा ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे सिर से मुंह तक तौलिया ढककर भाप लेती नजर आ रही हैं। खांस-खांसकर उनका बुरा हाल है। उन्होंने इस वीडियो के साथ मजेदार कैप्शन लिखा है, जिससे साफ है कि वे वायरल की चपेट में हैं। उन्होंने लिखा है, 'यह लड़की वायरल हो गई है'। वीडियो में सोनाक्षी के साथ उनके शौहर जहीर इकबाल को भी देखा जा सकता है। सोनाक्षी जब खांसते-खांसते भाप ले रही हैं तो जहीर गाना गुनगुना रहे हैं। सोनाक्षी की हंसी छूट जाती है, इसके बाद जहीर भी हंसने लगते हैं और सोनाक्षी को गले से लगाते हैं। कुल मिलाकर जहीर खूब अच्छे से सोनाक्षी की तीमारदारी में लगे हैं। सोनाक्षी के पोस्ट पर यूजर्स उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। साथ ही उन्हें ख्याल रखने की सलाह दे रहे हैं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल की शादी को एक साल पूरा होने वाला है। कपल ने बीते वर्ष 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज की थी। सोनाक्षी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला




# वकीलों के बीच हुई बहस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन का केस अभी भी अदालत में है। उन पर तीन महिलाओं ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। अदालत में इस मामले पर उनके और अभियोजन पक्ष की तरफ से पेश वकील के बीच बहस हुई है। हार्वे वेनस्टीन के वकील ने उन्हें 'मी टू' के दौरान झूठे आरोप वाला 'दोषी' बताया है। इसके उलट अभियोजक ने उनके यौन अपराधों के पुनर्विचार के दौरान जूरी सदस्यों से कहा कि वेनस्टीन ने कम रसूख वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।



# टॉम हॉलैंड भारत में क्यों इतने मशहूर?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड पूरे 29 साल के हो गए हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'स्पाइडर मैन' के किरदार से पहचान बनाने वाले टॉम भारत में भी काफी मशहूर हैं। जब भी कभी स्पाइडर मैन जैसे सुपरहीरो का जिक्र होता है, तब जहन में हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड का नाम सबसे पहले जहन में आता है। टॉम हॉलैंड ने इस कैरेक्टर में ऐसी जान फूंकी है कि बच्चे तो टॉम को असल का स्पाइडर मैन समझ लेते हैं। टॉम ने यूं तो अपने करियर में कई किरदार निभाए हैं लेकिन स्पाइडर मैन के नाम से उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलेरिटी मिली। दिलचस्प बात ये है कि टॉम सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं बल्कि भारत में भी काफी मशहूर हैं।



# डेट नाइट पर निकले राघव- परिणीति

**मुंबई।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट वे यहां फैंस के साथ साझा करती हैं। रविवार को पोस्ट शेयर कर उन्होंने बताया कि वे पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। दरअसल, परी और राघव फिलहाल पेरिस में हैं। वे फ्रेंच ओपन 2025 लाइव देख रहे हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई पोस्ट शेयर किए हैं। इसी में उन्होंने अपडेट दिया है कि वे फ्रेंच ओपन में पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम से झलकियां भी शेयर की हैं। दरअसल, राघव और परी जानिक सिनर और कार्लोस अलकराज के बीच का मुकाबला देखने पहुंचे हैं।



# 'डिटेक्टिव' ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट का एलान हो गया है। यह फिल्म इसी महीने यानी जून में दर्शकों के बीच पहुंच रही है। मगर, फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट काफी वक्त से अटकी हुई थी। करीब तीन साल की लेट-लतीफी के बाद आखिर रविवार की इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। अली अब्बास जफर ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ बताया है कि यह फिल्म 20 जून 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

टीवी मसाला

# बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं है इन टीवी स्टार्स की कमाई

**मुंबई।** ये टीवी अभिनेत्रियां न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत रही हैं, बल्कि उनकी कमाई भी बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती है। इनकी मेहनत और लोकप्रियता का ये नतीजा है कि आज ये करोड़ों की मालकिन हैं। टीवी की दुनिया में कई अभिनेत्रियां अपनी शानदार एक्टिंग और लोकप्रियता के दम पर न सिर्फ फैंस का दिल जीत रही हैं, बल्कि उनकी कमाई भी बॉलीवुड सितारों को टक्कर देती है। आइए जानते हैं कुछ मशहूर टीवी अभिनेत्रियों की नेटवर्थ के बारे में...



**रूपाली गांगुली** : 'अनुपमा' फेम रूपाली गांगुली टीवी की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी मेहनत और शो की लोकप्रियता ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी अनुमानित नेटवर्थ 20-25 करोड़ रुपये के आस पास है। वह प्रति एपिसोड लाखों रुपये चार्ज करती हैं।



**मौनी रॉय** : मौनी रॉय ने 'नागिन' जैसे शो से टीवी पर धमाल मचाया। वहीं अब वह बॉलीवुड में भी सक्रिय हैं। 'ब्रम्हास्त्र पार्ट 1' के अलावा वह हाल ही 'द भूतनी' में भी नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी शानदार स्टाइल और एक्टिंग के दम पर उनकी नेटवर्थ लगभग 40-50 करोड़ रुपये बताई जाती है। वह टीवी और फिल्मों के साथ-साथ विज्ञापनों से भी अच्छी कमाई करती हैं।



**प्रियंका चाहर चौधरी** : 'उड़ारियां' शो से फेमस हुईं प्रियंका चाहर चौधरी की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। उनकी मेहनत और सोशल मीडिया प्रजेंस ने उनकी नेटवर्थ को करोड़ों तक पहुंचा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 10-15 करोड़ रुपये तक है। वह प्रति एपिसोड मोटी रकम वसूलती हैं।



**तेजस्वी प्रकाश** : 'नागिन 6' और 'बिग बॉस 15' की विनर तेजस्वी प्रकाश की लोकप्रियता आसमान छू रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी अनुमानित नेटवर्थ 15-20 करोड़ रुपये है। वह अपनी एक्टिंग के साथ-साथ ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करती हैं।



**सुरभि ज्योति** : 'कुबूल है' और 'नागिन 3' जैसे शो से मशहूर सुरभि ज्योति आज टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ लगभग 10-12 करोड़ रुपये के आसपास है। उनकी खूबसूरती और टैलेंट ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बनाया है।

# ईद पर शाहरुख के दीदार के लिए लगा हुजूम...

**मुंबई।** ईद के मौके पर शाहरुख खान के घर मन्नत के बाहर फैंस का हुजूम देखने को मिल रहा है। फैंस किंग खान के एक दीदार का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों को मन्नत के बाहर सुबह से ही खड़े होकर शाहरुख की एक झलक का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की दीवानगी किसी से भी छिपी नहीं है। हर त्योहार पर उनके प्रशंसक जिस तरह से उन्हें सर आंखों पर बिठाते हैं, उनकी एक इलक का इंतजार करते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब ईद के मौके पर शाहरुख के मुंबई स्थित बंगले 'मन्नत' के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा।




## मन्नत के बाहर उमड़ी फैंस की भीड़

सुबह होते ही मन्नत के बाहर लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। कुछ फैन्स तो पूरी रात वहीं रुक गए, बस इस उम्मीद में कि त्योहार की इस खास घड़ी में किंग खान उन्हें बालकनी से एक झलक दे दें। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कैसे शाहरुख के चाहने वाले उनके घर के बाहर घंटों इंतजार करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो पैपराजी पेज ताहिर जासूस पर भी पोस्ट किया गया जिसमें काफी फैंस लाइन से मन्नत के बाहर खड़े हैं।

## मन्नत के बाहर बना त्योहार का माहौल

बैंडस्टैंड स्थित शाहरुख के बंगले के बाहर जैसे ही सूरज चढ़ा, वैसे ही माहौल और रौनक बढ़ती चली गई। लोग अपने हाथों में पोस्टर, बैनर और शाहरुख के नाम की तख्तियां लिए नजर आ रहे हैं। इन सभी फैंस को उम्मीद है कि एक बार शाहरुख अपनी बालकनी पर आकर उन्हें अपने दीदार करा दें। कई फैंस ने शाहरुख के घर के बाहर से अपने-अपने फोन में रील बनाए।

# हनी सिंह ने फिर लिया रैपर बादशाह से पंगा, दुआ लीपा वाले विवादित बयान की सफाई पर कसा तंज

**मुंबई।** हाल ही में रैपर बादशाह अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। अब दुआ लीपा पर दिए विवादित बयान पर रैपर ने सफाई दी तो हनी सिंह को वो रास नहीं आई। बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर दो पुराने रैपर्स के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस बार मामला है रैपर बादशाह के एक विवादित बयान और उस पर हनी सिंह की तीखी प्रतिक्रिया का। दुआ लीपा को लेकर दिए गए एक कमेंट के बाद पहले ही बादशाह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे थे और अब हनी सिंह के तंज ने इस विवाद को और बढ़ा दिया है।

***दुआ लीपा पर विवादित टिप्पणी :*** दरअसल बादशाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इंटरनेशनल पॉप सिंगर दुआ लीपा के बारे में ऐसा बयान दिया, जो काफी आपत्तिजनक माना गया। उन्होंने कहा था कि वो उनके साथ बच्चे पैदा करना पसंद करेंगे। इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। मामला तूल पकड़ने के बाद बादशाह ने सफाई दी कि उनका इरादा तारीफ करने का था, न कि अपमान का। उन्होंने कहा, 'जब आप किसी महिला की तारीफ करना चाहते हैं, तो सबसे खूबसूरत तारीफ ये हो सकती है कि आप उन्हें अपने बच्चों की मां के रूप में देखना चाहें।'



### पुरानी दुश्मनी एक बार फिर गर्माई

गौरतलब है कि हनी सिंह और बादशाह कभी एक ही रैप ग्रुप 'माफिया मुंडीर' का हिस्सा थे, जिसमें इक्का, लिल गोलू और रफ्तार जैसे रैपर भी थे। लेकिन समय के साथ इनके बीच मतभेद बढ़े और ग्रुप टूट गया। तब से दोनों रैपर्स के बीच दरार बनी हुई है, जो सोशल मीडिया और इंटरव्यूज के जरिए कई बार सामने आ चुकी है।

### बादशाह ने हनी सिंह से मांगी थी माफी

2024 में देहरादून में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान बादशाह ने मंच से यह कहकर सबको चौंका दिया था कि वे हनी सिंह से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि वो बीती बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं और हनी सिंह के लिए शुभकामनाएं भी दी थीं। लेकिन लगता है कि हनी सिंह अब भी इस रिश्ते को पहले की तरह ही देख रहे हैं और मेल-मिलाप के मूड में नहीं हैं।

## फिल्म '7 डॉग्स' के टीजर में दिखा दमदार अंदाज

# पहली इंटरनेशनल फिल्म से सामने आए सलमान-संजय के लुक

***मुंबई।** बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और संजय दत्त की पहली इंटरनेशनल फिल्म से दोनों स्टार्स की पहली झलक सामने आ गई है। सऊदी अरब की मच अवेटेड एक्शन-कॉमेडी फिल्म '7 डॉग्स' का टीजर सामने आ गया है। इस टीजर में बॉलीवुड के दो स्टार्स सलमान खान और संजय दत्त की भी पहली झलक देखने को मिली है। दोनों स्टार्स को उनकी पहली इंटरनेशनल फिल्म में देखकर लोग उत्साहित हैं। टीजर में दोनों स्टार्स दमदार अंदाज में नजर आए हैं।*

### दमदार अंदाज में नजर आए दोनों स्टार्स

'7 डॉग्स' आदिल एल अरबी और बिलाल फल्लाह द्वारा निर्देशित इंटरनेशनल फिल्म है। दोनों को 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' और 'मिस मार्वल' के लिए जाना जाता है। टीजर में संजय दत्त जहां एक्शन करते नजर आए हैं। तो वहीं सलमान खान की भी एक दमदार झलक दिखी है। हालांकि, दोनों स्टार्स के किरदार का अभी खुलासा नहीं हुआ है।




### इंटरनेशनल क्राइम की कहानी दिखाती है फिल्म

इस फिल्म में अरब सिनेमा के पावरहाउस करीम अब्देल अजीज और अहमद एज हैं, जो मिस्त्र की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक 'किरा एंड एल गिन' की सफलता के बाद फिर से साथ आए हैं। इंटरनेशनल क्राइम की कहानी पर आधारित यह फिल्म इंटरपोल अधिकारी खालिद अल-अज्जाजी पर बेस्ड है, जो '7 डॉग्स' सिंडिकेट के सीनियर मेंबर गली अबू दाऊद को पकड़ता है। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, इसे इसी साल रिलीज होना है।

### 'हाउसफुल 5' में नजर आए हैं संजय दत्त

*सलमान खान और संजय दत्त के इससे इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। जबकि संजय दत्त आज ही रिलीज हुई फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आ रहे हैं। इससे पहले वो इसी साल आई फिल्म 'द भूतनी' में भी प्रमुख भूमिका में दिखाई दिए थे।*

थाना चांपा क्षेत्र की गणेश मोबाइल दुकान पर चोरों ने बोला था धावा

# केवल दस घंटों में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के थाना चांपा क्षेत्र स्थित गणेश मोबाइल दुकान में हुई लाखों की चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। महज़ 10 घंटे में साइबर सेल और थाना चांपा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने 5 आरोपियों को धरदबोचा, जिनमें 2 नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने 10 लाख रुपये का सामान भी बरामद किया है। घटना दिनांक 7 जून 2025 की रात करीब



3 बजे की है, जब चोरों ने गणेश मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर 18 महंगे मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा लिया।

लेकिन डायल 112 की मुस्तैद पेट्रोलिंग टीम की सक्रियता से आरोपी बड़ी चोरी को अंजाम नहीं दे पाए और हड़बड़ी में कुछ सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। थाना चांपा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। दुकान में लगे उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों ने आरोपियों की पहचान करने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने करीब 25 किलोमीटर क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी जानकारी के आधार पर अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में 2 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक और 3 वयस्क शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 18 मोबाइल, ब्लूटूथ, सेल्फी स्टैंड, ईयरफोन सहित कुल 7 लाख रुपये का सामान और चोरी में प्रयुक्त एक्टिवा, बाइक, हथौड़ा, पाना सहित करीब 3 लाख रुपये का अन्य सामान जब्त किया गया। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि दोनों नाबालिगों को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**18 मोबाइल, ब्लूटूथ, सेल्फी स्टैंड, ईयरफोन सहित कुल 7 लाख का सामान बरामद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुंडम में सांदीपनि विद्यालय और आईटीआई भवन का किया लोकार्पण

# 1400 करोड़ की लागत से बनेगा गोमुख जलाशय
# मध्य प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बन रहे नए मापदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में जबलपुर और मंडला जिले के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कुंडम के समीप ग्राम छपरा में सांदीपनि विद्यालय और आईटीआई का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए 1400 करोड़ रुपए की लागत से गोमुख जलाशय बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। जलाशय से जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को सांदीपनि विद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की सौगात मिल रही है। यह शिक्षा के मंदिर इस क्षेत्र में रहने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विद्यार्थियों के जीवन की बेहतर दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भगवान कृष्ण और बलराम ने सांदीपनि आश्रम में अपनी शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी नए रूप में उभरकर सामने आते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेंटवाल, विधायक संतोष बरकड़े, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी एवं सुशील कुमार तिवारी इंदु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को दीं सौगातें

**खास बातें**

- गोमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी
- जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में होगी सिंचाई संभावित



### शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दो सांदीपनि विद्यालय क्रमशः रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार, 2024 के 'नवाचार' श्रेणी में प्रथम स्थान पर घोषित हुआ है। सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ' में चुना गया है। लंदन स्थित टी-4 एजुकेशन संस्था ने विभिन्न श्रेणियों में हमारे सांदीपनि विद्यालियों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल किया है। कक्षा 10 वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने निजी विद्यालयों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की रानी दुर्गावती ने अपने पराक्रम से दुश्मनों को मात दी। उन्होंने 52 लड़ाईयां लड़कर दुश्मनों के दांत खट्टे किए। उन्होंने अपने शौर्य के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

### मध्यप्रदेश में तीन नदी जोड़ो परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो परियोजना के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। वर्तमान में मप्र में तीन नदी जोड़ो परियोजना चल रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी हो इसके लिए किसान मेले भी लगाए जा रहे हैं। हाल ही में नरसिंहपुर जिले में तीन दिवसीय कृषि उद्योग मेला लगाया गया। इन मेलों का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती, नई तकनीक और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन देकर उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

**छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान**

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुंडम आईटीआई में वर्तमान मे लगभग 12 करोड़ 63 लाख से आईटीआई भवन, बालक बालिका हॉस्टल एवं क्वार्टर तैयार किया गया है।

**जल सरंक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जल सरंक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। तीन माह चलने वाले इस अभियान में प्रदेश में 75 हजार खेत तालाब बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ढाई महीने में 70 हजार खेत तालाब बन चुके हैं। आगामी रक्षाबंधन के पर्व पर लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाई जाएगी और पांच साल में इस राशि को 3 हजार रुपए तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य हो रहे हैं।

18 करोड़ 41 लाख की लागत से बना सांदीपनि विद्यालय

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदिवासी अंचल में स्थापित करेगी विकास के नए आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदिवासी अंचल में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कुंडम विकासखंड के ग्राम छपरा में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर बताया कि सीएम राइज स्कूल परिसर के आधारभूत ढांचे का विस्तार कर सांदीपनि विद्यालय का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लगभग 18 करोड़ 41 लाख की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण दीप प्रज्ज्वल और कन्या-पूजन के साथ किया। यह विद्यालय 12 एकड़ के परिसर में फैला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आनंदमय गणित की कक्षा में गये। उन्होंने प्रायमरी स्कूल के बच्चों की बनाई आकृतियां देखीं और आकृतियां बनाने वाले बच्चों से चर्चा की। मुख्यमंत्री पुस्तकालय पहुंचे और बच्चों के अनुरोध पर श्रीमदभगवद् गीता पर हस्ताक्षर किए।

**शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवन का किया अवलोकन**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवन का अवलोकन किया। विद्यालय में बच्चे वाद्य यंत्रों के साथ प्रार्थना करते हैं। विद्यार्थियों को टीचर लार्निंग मैथड के माध्यम से मॉडल तैयार कर पढ़ाया जा रहा है। बच्चों को होमवर्क उनकी मेधा और क्षमता अनुसार दिया जाता है। कक्षा में बच्चों की संख्या 40 तय है, संख्या बढ़ने पर अलग सेक्शन बना दिया जाएगा। सांदीपनि विद्यालयों में कॅरियर काउंसिलिंग पर विशेष फोकस किया जा रहा है। बैंकर्स, प्रोफेसर्स आदि विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल का विद्यालय में निरंतर भ्रमण भी होता है। स्मार्ट क्लास में विद्यार्थी पीपीटी से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।*



स्कूल शिक्षा विभाग, नियमों में बदलाव

# प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर होंगे जिलों में अधिकारियों कर्मचारियों के स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति-2022 की कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किए गए हैं। यह प्रशासकीय स्थानांतरण संबंधी अधिकार 7 से 16 जून की अवधि में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री को प्रत्यायोजित किए गए हैं। जिला स्तर पर स्थानांतरण की अवधि में जिला संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों, जिनमें प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (विज्ञान), सहायक शिक्षक (विज्ञान), प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला, लिपिकीय वर्ग संवर्ग तथा भृत्य संवर्ग के लोक-सेवकों का जिले के भीतर स्थानांतरण जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

विभागीय स्थानांतरण नीति-2022 के प्रावधानों का पालन करते हुए ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से जारी किए जाएंगे। स्थानांतरण आदेश पोर्टल पर जिला कलेक्टर की लॉगिन से अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी होंगे। कोई भी आदेश ऑफलाइन जारी नहीं किया जायेगा।

**10 से कम नामांकन तो स्थानांतरण नहीं**

*जिले में 10 से कम नामांकन वाली किसी भी शाला में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। पारस्परिक स्थानांतरण समान पद एवं विषय होने पर ही किए जा सकेंगे, किन्तु 31 मई, 2025 से एक वर्ष की समयावधि में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा। आदेश में प्रदर्शित किए गए संवर्ग को छोड़कर शेष संवर्गों में प्रशासकीय स्थानांतरण राज्य स्तर से ही किए जा सकेंगे।*

**समय-सारणी जारी**

*एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने के लिए विभाग ने समय-सारणी नियत की है। स्थानांतरण किए जाने की अवधि 16 जून नियत की गई है। स्थानांतरण के लिए प्रशासकीय प्रस्ताव 14 जून तक दर्ज किए जा सकेंगे। ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने का कार्य 16 जून तक ही किया जा सकेगा। विभाग द्वारा उक्त आदेश समस्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला शिक्षाधिकारी को जारी किए गए हैं।*

### जबलपुर डीईओ सोनी बने मदरसा बोर्ड सचिव

स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब एक दर्जन अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए हैं। इनमें जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक, उप संचालक और प्राचार्य स्तर के अधिकारियों के आदेश जारी किए गए हैं। जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को मदरसा बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा नर्मदापुरम के जिला शिक्षा अधिकारी एपी सिंह बिसेन को डिप्टी डायरेक्टर के पद पर डीपीआई में तैनात किया गया है। इसी तरह, ग्वालियर के डीईओ अजय कटियार और कटनी के डीईओ पीपी सिंह को जबलपुर के संयुक्त संचालक कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है।

कार से बीयर और शराब की बोतल बरामद, पुलिस ने की कार जब्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

# कार चालक ने चार को रौंदा, एक मृत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नशे में धुत कार चालक ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है और तीन लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी कार चालक को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कार से बीयर और शराब की बोतल बरामद कर कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। दरअसल, तोरवा थाना क्षेत्र के ढेका लालखदान के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे लोगों को अपनी चपेट मे ले लिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी अन्य घायल हो गए। जिसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। चालक प्रणय जुनेजा ने शराब का सेवन किया हुआ



था और अपने कार को तेज रफ्तार से दौड़ाया और चार लोगों की टक्कर मार दी। जिससे एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वही सीएसपी अक्षय साबद्रा ने हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था। उसने गाड़ी से चार लोगों को टक्कर मार दी। एक की मौत हो गई और तीन गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से टकराई बाइक, मौत



*जिले में फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से टकरा गई। हादसे के बाद घायल युवक को आसपास के लोग 108 की मदद से जिला अस्पताल लेकर गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल गौरेला पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सारबहरा गांव के रहने वाले शिवम धवारिया जब गौरेला से अपने घर सारबहरा सरकारी टोला जा रहे थे तभी सड़क किनारे खड़े एक जेसीबी से उसकी बाइक टकरा गई जिसके बाद आसपास के राहगीरों की शिवम पर नजर पड़ी तो वे शिवम को 112 की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद शिवम को आगे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया, पर बिलासपुर जाने के दौरान रास्ते में शिवम ने दम तोड़ दिया शिवम को सिर और पैर में गंभीर चोट आई थी। जिसके बाद परिजन मृतक के शव को वापस जिला अस्पताल ले आए हैं वही अस्पताल से मिले मेमू के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं शिवम अपने माँ बाप का इकलौता बेटा था, पिता की मौत पहले ही हो गई थी और अब शिवम की मौत के बाद सिर्फ उसकी माँ रह गई घटना के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।*

23 दुकानें तोड़ीं, 1 को स्टे, पीड़ित दुकानदार नाराज, जनता खुश

# भूपेन्द्र क्लब के अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

नगर में लंबे समय से चर्चा का विषय बना भूपेंद्र क्लब का अतिक्रमण प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में आ गया है। रविवार सुबह होते ही नगर प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ क्लब परिसर पहुंची। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई, जिसमें 23 दुकाने तोड़ी गई।

वहीं 1 दुकान को स्टे मिलने के कारण नहीं तोड़ी गई। भूपेंद्र क्लब के आसपास के हिस्सों में कई वर्षों से अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर प्रशासन ने पूर्व में ही नोटिस जारी कर दिया था और अब उसी पर अमल करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। हालांकि कुछ दुकानदारों ने खुद से अतिक्रमण हटाया है।



**मौजूद रहा भारी पुलिस बल**

कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। मौके पर तहसीलदार, नगर पालिका के अधिकारी, पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी, तथा अतिक्रमण हटाओ दल उपस्थित हैं। सभी कार्यवाही वीडियोग्राफी के साथ संपन्न की जा रही है ताकि किसी भी पक्ष को कानूनी आपत्ति का मौका न मिले। जहां एक ओर स्थानीय नागरिक प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ प्रभावित दुकानदारों और कब्जाधारियों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था देने के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए थी। प्रशासन का कहना है कि उन्हें पहले ही नोटिस और पर्याप्त समय दिया गया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल भूपेंद्र क्लब तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता, सार्वजनिक स्थानों की उपलब्धता और आम नागरिकों की सुविधा के लिए यह आवश्यक कदम है।

रेगुलर, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण सरकार की निरंतर प्रक्रिया

राज्य स्तरीय वित्तीय इंटेलिजेंस सेल की जिम्मेदारी हुई तय

# 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण शुरू, पहली बार ऐसा करने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ *सभी कोषालय अधिकारियों को डेटा की पुष्टि करने के लिए दिए गए निर्देश*

राज्यवित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) ने ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण करना शुरू किया है, जिनके पिछले चार महीनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डीडीओ से करवाए जाने के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लाक्षकार ने निर्देश जारी किए हैं।

कोषालयों में पहली बार इस तरह के विष्लेषण करने से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। राज्य शासन ने रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के जरिए नियमित रूप से कर रहा है।

आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) भी संचालित है, जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डेटा का विश्लेषण करता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। अब यह सेल जिलों से प्राप्त सभी तरीह के डेटा का परीक्षण भी कर रहा है।




**सेवानिवृत्ति की जानकारी वेतन प्रविष्टि से हुई**

यह भी दिलचस्प है कि दिसंबर 2024 के डेटा के परीक्षण में पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं, जिनके एम्पलाई कोड आवंटित है, किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन आहरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में भी आयुक्त कोष एवं लेखा ने सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डेटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित पुष्टि कराई जाए। उनके वेतन आहरण किस कारण से नहीं किया जा रहा है।

**रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई का डेटा संबंधी होगा परीक्षण**

*आयुक्त कोष एवं लेखा लक्षकार ने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि यदि डेटा के सत्यापन में कोई त्रुटि संज्ञान में आती है, तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। इससे स्पष्ट है कि रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डेटा संबंधी परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।*

मरवाही वन मंडल के बरवासन गांव का मामला, महिला भर्ती

# घर के बाहर खड़ी महिला पर भालू ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

मरवाही वन मंडल में एक भालू ने घर के सामने खड़ी महिला पर अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले से महिला बुरी तरह से घायल हो गई। महिला और आसपास के लोगो के द्वारा शोर मचाने के बाद भालू वहां से भाग निकला। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फिलहाल महिला खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला मरवाही वन मंडल के बरवासन गांव का है जहां पर गांव की रहने वाली परवतिया बाई अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी अचानक वहां भालू आ धमका। इससे पहले की महिला कुछ समझ पाती। भालू ने महिला पर हमला कर दिया। भालू के अचानक हुए हमले से महिला हड़बड़ा गई और चीखने लगी। भालू के हमले से महिला घायल हो गई। महिला और आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाने के बाद भालू वहां से भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस एवं वन विभाग को घटना की सूचना दी और महिला को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर आया गया। फिलहाल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**आसपास के लोगों ने जब शोर मचाया तो वहां से भाग गया भालू**



## चिंतन

# गरीबी कम हुई, अब आर्थिक सुधार की दिशा में बढ़े केंद्र

पीएम मोदी की राजग सरकार 3.0 ने आज नौ जून को एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस तरह वर्ष 2014 में भारी बहुमत से सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। मोदी सरकार के कामकाज का आकलन किया जाए तो सरकार के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साथ में कई विफलताएं भी हैं। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीबी कम करने में सफलता है, तो सबसे बड़ी विफलता पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को हैंडल करने के मोर्चे पर है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 11 वर्ष में अत्यधिक गरीबी में 21.8 फीसदी की कमी आई है। देश में अत्यधिक गरीबी दर वर्ष 2011-12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। करीब 17 करोड़ लोग बेहद गरीबी से बाहर निकले हैं। खास बात है कि गरीबी में कमी नए पैमाने के आधार पर आई है। अब रोजाना 3 डॉलर (लगभग 257 रुपये) तक खर्च करने वाले बेहद गरीब की श्रेणी में माने जाएंगे, जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। काफी पहले संयुक्त राष्ट्र और नीति आयोग ने गरीबी से बाहर निकलने को लेकर अलग-अलग पर उत्साहजनक आंकड़े जारी किए हैं। 2024 तक भारत में करीब 5.44 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो प्रतिदिन 3 डॉलर से भी कम खर्च में जीवन जी रहे हैं। यह आंकड़ा कई विकसित देश के गरीबी के आंकड़े से कम है। गरीबी से बाहर निकलने में लोगों को सरकार की पीडीएस जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से मदद मिली है। अब सरकार को इस आंकड़े का प्रयोग जनकल्याणकारी योजनाओं को रिमॉडल करने में करना चाहिए और सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना चाहिए। कयास के विपरीत मोदी सरकार 3.0 मजबूत व आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है। 400 पार के नारों के बीच जब भाजपा को वर्ष 2024 के आम चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं मिला और उसकी टीडीपी व जेडीयू पर निर्भरता हो गई तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की पाला बदलने की सियासी फितरत के चलते कांग्रेस ने मोदी सरकार में उथलपुथल की संभावना को रेखांकित किया था। पर जहां नायडू व नीतीश भरोसेमंद साबित हुए, वहीं पीएम काफी सहज हैं। अब भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नए सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। मोदी सरकार ने महिला केंद्रित व नीत विकास को बढ़ावा देकर अपने लिए नया जनाधार तैयार किया है। डिजिटल सेक्टर में सरकार ने काफी क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। हालांकि विनिर्माण सेक्टर में ग्रोथ चुनौती बनी हुई है। नक्सलवाद को कम करने में मदद मिली है, पर आतंकवाद के खिलाफ बहुत कुछ करना बाकी है। विदेश नीति की धार ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुंद हुई है, इसे तुरंत पटरी पर लाने की जरूरत है। अमेरिका से रिश्ते बराबरी के स्तर पर रखने चाहिए। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं, रक्षा क्षेत्र को मॉडर्न वार टेक्नीक से लैस करने की आवश्यकता है। प्रशासनिक, न्यायिक और पुलिस सुधार की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सरकार को कृषि, सेवा क्षेत्र के साथ उद्योग क्षेत्र पर केंद्रित रहना चाहिए, आर्थिक सुधार के अगले चरण को लागू करना चाहिए, विभिन्न करों का सरलीकरण करना चाहिए। अपनी सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य सभी मानकों पर विकास से हासिल होंगे, केवल चौथी अर्थव्यवस्था के आंकड़े भर से नहीं।

# मोदी सरकार से अभी और हैं उम्मीदें



**11 वर्ष**
उमेश चतुर्वेदी

> अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला, लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है।

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में ग्यारह रुपये की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं। नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है।

अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों, जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा। मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरुआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र के कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर



में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहवीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां हैं।

देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52 करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है।

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्र निर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक जैसे संस्थान बनाए गए।

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## मस्क-ट्रंप महासमर

प्रो. आर.के. जैन



# स्पेसएक्स से व्हाइट हाउस तक, कौन किसे मात देगा

एक ऐसी जंग शुरू हो चुकी है, जो न केवल दो दिग्गजों एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच का टकराव है, बल्कि यह सत्ता, पूंजी और तकनीक का वह महासमर है, जो दुनिया को नई दिशा दे सकता है। यह दो तूफानों का मिलन है। एक ओर मस्क, जिन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों से भविष्य को फिर से परिभाषित किया, दूसरी ओर ट्रंप, जिनका राजनीतिक प्रभाव वैश्विक समीकरणों को हिलाने की ताकत रखता है। इनके बीच की यह लड़ाई अब केवल शब्दों की जंग नहीं रही, यह टेस्ला के शेयरों की गिरावट, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान और वैश्विक सत्ता के गलियारों तक को हिला रही है। दोनों के पास दुनिया के सबसे बड़े मंच हैं, और अब ये मंच एक-दूसरे के खिलाफ खतरनाक हथियार बन चुके हैं। यह टकराव एक ऐतिहासिक मोड़ है, जो भविष्य की दुनिया को आकार दे सकता है। इस जंग की शुरुआत तब हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की कंपनियों, खासकर स्पेसएक्स को मिलने वाली अरबों डॉलर की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करने की धमकी दी। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा - बजट बचाने का सबसे आसान तरीका मस्क की सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को रद करना है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स नासा के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक अंतरिक्ष यात्रियों और सामग्री पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन है। ट्रंप की यह धमकी मस्क के कारोबारी साम्राज्य की रीढ़ तोड़ने की कोशिश हो सकती है। इसका असर तुरंत दिखा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को टेस्ला के शेयर 14% तक गिर गए, जिससे निवेशकों में खलबली मच गई। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि मस्क की कंपनियां इस जंग में कितनी जोखिम में हैं। एलन मस्क, जिन्हें दुनिया एक दूरदर्शी नवप्रवर्तक के रूप में जानती है, ने ट्रंप की इस चुनौती को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उन्होंने जवाबी हमला बोलते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की मांग की और अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान के कार्यों को तेज करने की बात कही। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह यान अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए अपरिहार्य हैं। मस्क का यह कदम ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश देता है कि वे किसी भी कीमत पर झुकने वाले नहीं। इस टकराव के परिणाम मस्क और ट्रंप तक सीमित नहीं हैं। मस्क के पास असीमित संसाधन हैं, जिनका उपयोग वे राजनीतिक प्रभाव डालने के लिए कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मस्क ने दावा किया कि वे "सचमुच एक बड़ा बम गिरा रहे हैं," जिससे संकेत मिलता है कि वे अगले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के विद्रोही उम्मीदवारों को फंडिंग दे सकते हैं। यह कदम ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप के पास सरकारी मशीनरी का नियंत्रण है, जिसका उपयोग वे मस्क की कंपनियों को निशाना बनाने के लिए कर सकते हैं। यदि ट्रंप अपनी धमकी को अमल में लाते हैं, तो स्पेसएक्स के अनुबंधों पर असर पड़ सकता है, जिसका प्रभाव अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग पर होगा। आर्थिक प्रभाव पहले ही सामने आ चुका है। टेस्ला के शेयरों की गिरावट से निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है, जैसा कि रॉयटर्स ने उल्लेख किया। स्पेसएक्स के अनुबंधों पर खतरा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अंतरिक्ष अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। यदि मस्क अपने ड्रैगन यान के कार्यों को बंद करते हैं, तो नासा को वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढनी पड़ेगी, जो एक जटिल और महंगा कदम होगा। यह जंग तकनीक और सत्ता के बीच संबंधों को उजागर करती है। मस्क की कंपनियां निजी क्षेत्र की ताकत का प्रतीक हैं, जबकि ट्रंप सरकारी शक्ति का चेहरा हैं। यह टकराव यह सवाल उठाता है कि क्या निजी कंपनियां सरकारों को चुनौती देने की ताकत रख सकती हैं? यह जंग अब केवल दो व्यक्तियों की लड़ाई नहीं, बल्कि एक वैश्विक रण है, जो तकनीक, पूंजी और सत्ता के भविष्य को परिभाषित करेगा। दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं कि यह टकराव कहां तक जाएगा। क्या मस्क अपने संसाधनों के दम पर ट्रंप को पछाड़ देंगे, या ट्रंप की सरकारी मशीनरी मस्क के साम्राज्य को झुका देगी? यह युद्ध न केवल इन दो दिग्गजों की साख का सवाल है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और राजनीतिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। यह एक ऐसी आंधी है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि सत्ता और पूंजी का यह महासंग्राम हमें किस भविष्य की ओर ले जाएगा। यह टकराव एक नई कहानी लिख रहा है, एक ऐसी कहानी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनुष्य हो तो पहले प्राप्त करो ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

मन में पहली जिज्ञासा यही होती है कि एक साधक होने के लिए व्यक्ति में क्या योग्यता होनी चाहिए। क्या साधक में आयु, ज्ञान या फिर चरित्र संबंधी योग्यता होनी चाहिए। ज्ञानीजन कहते हैं कि एक साधक के भीतर मनुष्यता होना जरूरी है, तभी वह अपने कर्त्तव्यों को अच्छी तरह से निभा पाएगा। मनुष्य का प्राथमिक कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना है। व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना भी करनी चाहिए। इसके साथ ही पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी देखना चाहिए। यह मनुष्य की साधना का एक चरण है। पार्वती ने शिव से पूछा, 'साधक बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता क्या है?' शिव ने उत्तर दिया, 'जब जीव अपने कर्मों के फलस्वरूप मानव रूप धारण कर लेते हैं, तब वे साधना करने के योग्य हो जाते हैं।' पार्वती द्वारा रखा गया अगला प्रश्न था, 'साधना करने के लिए मनुष्य में आयु, योग्यता, चरित्र आदि जैसी कौन-सी योग्यताएं होनी चाहिए?' इस पर शिव के उत्तर को इस तरह समझा जा सकता है कि उम्र के संबंध में यह कहना उचित होगा कि मानव जीवन में मूल रूप से चार चरण होते हैं। पहले चरण में मनुष्य का पहला कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना और धर्म साधना करना है। दूसरे चरण में, व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। तीसरे चरण में, किसी भी शेष पारिवारिक जिम्मेदारियों को देखना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। अंत में यानी चौथे चरण में जब मानव शरीर सांसारिक कर्तव्यों को निभाने में अक्षम हो जाता है, तो व्यक्ति को अकेले धर्म साधना करनी चाहिए।

# आप पर कैसे बरसेगी कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

कृपा कोई अमूर्त, गैरहाजिर विचार या कल्पना नहीं है पर ये एक जीवित शक्ति है, जिसे हम अपने जीवन में आमंत्रित कर सकते हैं। हम अपनी शक्ति, बुद्धि और जानकारी से जो कुछ भी कर सकते हैं, वह सब बहुत सीमित है। अगर आप कृपा की खिड़की को खोल सकें तो जीवन ऐसे अद्भुत तरीके से चलेगा, जो संभव होने की आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके सामने हर जगह यह सवाल है, 'मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं?' पर, यह कोई करने वाली चीज नहीं है। आपके अंदर, अगर कोई खाली जगह है, जहां आपके विचार और पूर्वाग्रह, आपकी भावनाएं और विचारधाराएं अंदर न आ सकें, तो आपके जीवन में कृपा एक प्रबल शक्ति की तरह होगी। अगर आप अपने ही विचारों, अपनी ही भावनाओं और कल्पनाओं आदि से भरे हुए हैं तो कृपा आपके आसपास बहते हुए भी, आपके अंदर कुछ नहीं होगा। ज्यादातर लोगों के जीवन के साथ यही त्रासदी है कि उनके आसपास एक जबर्दस्त संभावना हमेशा बनी रहने के बावजूद वे उसे पूरी होने नहीं देते। सभी आध्यात्मिक प्रक्रियाओं के लिए विचार, फोकस और करने के तरीके यही हैं कि आपके व्यक्तित्व को खत्म कर दिया जाए, जिससे आपके अंदर कोई खाली उपस्थिति बने और वह आपके लिए कृपा और संभावना का ऐसा प्रवेश द्वार बने, जिसके बनने की संभावना के बारे में आपने कभी सोचा ही नहीं होगा। सवाल यह नहीं है कि आप पर कृपा काम कर रही है या नहीं? वह तो कर ही रही है, वरना आपका अस्तित्व ही संभव नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*-कुणाण सिंह ठाकुर, रायपुर*


## ट्रेंड

### किसानों के इनोवेशन



हमारे वैज्ञानिकों ने जो रिसर्च और इनोवेशन किया है, और इनोवेशन से फार्मर को भी जोड़ा है, उसका परिणाम मैं आज देख रहा हूँ। हमारे किसानों ने भी अलग-अलग ढंग के इनोवेशन किये हैं।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### खुले में शौच से मुक्ति



हर घर में शौचालयों के निर्माण से नारी शक्ति के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ। 11 वर्षों में, भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया, 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय और 2.49 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर बने हैं।
**- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### जनता का भरोसा जीता



सिर्फ एक साल में हमने दिखा दिया है कि एक सच्ची जनता की सरकार कैसी होती है। बीजेडी के कई सालों के झूठे वादों और आकर्षक विज्ञापनों के बाद, ओडिशा के लोगों ने बदलाव को चुना और हमने उस भरोसे को कार्रवाई से पूरा किया है।
**- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**


### बिजली कटौती शुरू



भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने का एक वर्ष पूरा होने पर प्रचार किया गया कि प्रदेश अब बिजली में सरप्लस स्टेट हो गया है लेकिन गर्मी बढ़ते ही हर जगह बिजली कटौती शुरू हो गई। बिजली वितरण का ढांचा चरमराया है जिससे आमजन त्रस्त है।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,000



देश में पिछले 48 घंटे में कोविड-19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

## ऑफ बीट

# ऑक्सफोर्ड में पढ़ने भारतीय छात्रों को रोड्स छात्रवृत्ति



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने वाले रोड्स स्कॉलरशिप ट्रस्ट ने 2028 से भारतीयों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या को देश की जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने की योजना बनाई है। अगले साल से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदनों की घोषणा से पहले, भारत आए ट्रेनर ने साक्षात्कार में बताया कि वर्तमान में भारतीय अभ्यर्थियों को सालाना छह छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। अब प्राथमिकता उन स्थानों के लिए कुछ अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान करने की है, जहां जनसंख्या के अनुपात में विद्वानों की संख्या अधिक हो सकती है और भारत उन देशों में से एक है। इसलिए, हमारे पास भारत के लिए प्रति वर्ष छह छात्रवृत्तियां हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, इस देश में डेढ़ अरब लोग हैं, इसलिए अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए। रोड्स हाउस के अंतरिम 'वॉर्डन' ने कहा, हम अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए धन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि ट्रस्ट को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की फीस का भुगतान करने तथा छात्रों के जीवन-यापन के व्यय का भुगतान करने के लिए निधि में धन की आवश्यकता है। छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने के लिए चीन और अफ्रीका जैसे अन्य देश भी प्राथमिकता में हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सिक्किमः अब भूस्खलन में फंसे लोगों को बचा रहा हेलीकॉप्टर, लगातार बारिश से सड़कें हो गईं ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

**पर्यटकों को निकालने के लिए किए विशेष प्रबंध**

**उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं**

सिक्किम में पिछले कई दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के चलते सिक्किम में कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। सिक्किम सरकार ने राज्य के उत्तरी हिस्से में भूस्खलन प्रभावित इलाकों में फंसे टैक्सी चालकों और कुछ स्थानीय लोगों को बचाने के लिए एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। एक अधिकारी ने कहा, 'चाटेन में फंसे स्थानीय लोगों, पर्यटक टैक्सी चालकों और कुछ सरकारी अधिकारियों के अनुरोध पर राज्य सरकार ने उन्हें तत्काल हवाई मार्ग से निकालने के लिए एक विशेष हेलीकॉप्टर उड़ान की व्यवस्था की है।' उन्होंने कहा कि यह राहत और बचाव कार्य राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समन्वित प्रयासों का हिस्सा है, जो हाल के खराब मौसम और भूस्खलन के कारण प्रभावित इलाकों में सड़क संपर्क टूटने की स्थिति को देखते हुए किए जा रहे हैं। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आज सुबह पाक्योंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। इसमें पहला हेलीकॉप्टर चाटेन की ओर रवाना हुआ ताकि वहां से लोगों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सभी नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन की कई घटनाएं हुई हैं, जिससे सड़क और दूरसंचार संपर्क बाधित हो गया है। उत्तरी सिक्किम के चाटेन क्षेत्र में भूस्खलन और लगातार बारिश के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। ऐसे में कुछ स्थानीय लोगों और टैक्सी चालकों द्वारा मदद की अपील किए जाने पर राज्य सरकार ने उन्हें वहां से निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है।



## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 3.37 लाख लोग प्रभावित

### अब तक 23 लोगों की मौत, कई लोग हुए घायल

असम में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार के साथ राज्य के 12 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की जनसंख्या घटकर अब लगभग 3.37 लाख रह गई है और प्रभावित क्षेत्र का दायरा भी कम हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस साल बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक कुल 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें कहा गया कि ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है, हालांकि इनमें से कुछ अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शनिवार शाम तक धुबरी में ब्रह्मपुत्र नदी, धरमतूल में कोपिली नदी, बीपी घाट क्षेत्र में बराक नदी तथा श्रीभूमि में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही थीं। बाढ़ से 12 जिलों के कुल 3,37,358 लोग प्रभावित हुए हैं, जिसमें श्रीभूमि में सबसे अधिक 1.93 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।

## खबर संक्षेप

### थलसेना अध्यक्ष द्विवेदी ने बाबा के दर्शन किए

**रुद्रप्रयाग।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



### बस-कार की हुई भिड़ंत कई लोग घायल हुए

**ऋषिकेश।** कौडियाला के पास रविवार को दो वाहन हादसे का शिकार हो गए। अलसुबह दिल्ली से गोपेश्वर जा रही रोडवेज बस और हरियाणा के यात्रियों की कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब पांच बजे की है। बस कौडियाला से होते हुए गोपेश्वर जा रही थी।



### 27 लाख के सोना चोरी में बैंककर्मी पकड़ा गया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक बैंक कर्मचारी को ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गए 27 लाख रुपए मूल्य के सोने की चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शिवाजी नगर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि निजी बैंक में काम करने वाले सचिन अरुण कलान को विश्वासघात और अन्य धाराओं में छह जून को गिरफ्तार किया गया।



### वांछित गोगी गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया।



## डीएमके को सत्ता से करेंगे बेदखल, शाह का स्टालिन सरकार पर हमला

# तमिलनाडु के लोग द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकेः शाह

**तमिलनाडु सरकार के गिनाए भ्रष्टाचार के मामले, कहा- जनता खुद करेगी एक-एक हिसाब**

एजेंसी ▶▶ मदुरै

तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। मदुरै दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टालिन सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी। उन्होंने दावा किया कि साल 2026 के चुनाव में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी।

### शाह ने दावा किया- अगले साल बनेगी भाजपा की सरकार

**भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है जनता**




**पीएम मोदी का विजन है समृद्ध और खुशहाल तमिलनाडु**

अमित शाह ने मदुरै में आयोजित भाजपा की राज्य कोर कमेटी की बैठक में डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार के व्यापक भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है।शाह ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के विकसित और समृद्ध तमिलनाडु के विजन को लेकर हर गांव, गली और घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भाजपा राज्य में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

अमित शाह ने अपने तमिलनाडु दौरे के दौरान मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा, सशक्त महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। मोदी सरकार के लिए मां और मातृभूमि से बढ़कर कुछ नहीं है। उज्ज्वला योजना, ट्रिपल तलाक पर रोक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती जैसे कदम ऐतिहासिक हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले 11 वर्षों में, एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर मुद्रा लोन और पीएम आवास योजना तक, सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की हैं।

### चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

राज्य में पार्टी संगठन को सक्रिय करने और जनता के बीच पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा अब तेजी से बूथ स्तर पर काम शुरू कर चुकी है। अमित शाह की इस यात्रा को तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी तैयारियों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### मीनाक्षी मंदिर में शाह का किया गया पारंपरिक तरीके से स्वागत

इससे पहले दिन में शाह ने यहां मीनाक्षी मंदिर में प्रार्थना की और मंदिर के पुजारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शाह के आगमन पर उनका मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने स्वागत किया। पुजारी ने मंत्री को भगवा शॉल भेंट की और उन्हें आध्यात्मिक पुस्तकें दीं। बाद में मंदिर के पुजारियों ने उनका औपचारिक स्वागत किया। शाह ने नैनार नागेंद्रन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और अन्य भाजपा नेताओं के साथ प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर में प्रार्थना की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मदुरै में प्रतिष्ठित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। राष्ट्र की निरंतर प्रगति और हमारे नागरिकों की भलाई के लिए मां का आशीर्वाद मांगा और प्रार्थना की। पुजारी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से कच्चातिवु द्वीप को पुनः प्राप्त करने और मछुआरों की परेशानियों को समाप्त करने के लिए एक स्थायी समाधान तलाशने की अपील की। उन्होंने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण की भी वकालत की। शाह 7 जून को रात 10.30 बजे यहां पहुंचे और उनका स्वागत तमिलिसाई सौंदरराजन, रामा श्रीनिवासन समेत भाजपा नेताओं और अन्नाद्रमुक नेता आरबी उदयकुमार और सेल्लूर के राजू ने किया।



## सीईओ और एमडी की मिली दोहरी जिम्मेदारी

# भोपाल जोनल ऑफिस में कार्यरत रहे सत्यपाल भानु होंगे एलआईसी के सुपर बॉस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने सत्यपाल भानु को अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) दोहरे पद की जिम्मेदारी देने की घोषणा की। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और तीन महीने की अवधि के लिए है, जो 8 जून से शुरू होकर 7 सितंबर तक रहेगी। सत्यपाल भानु वर्तमान में एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, वे भोपाल में जोनल ऑफिस में अतिरिक्त जोनल मैनेजर के पद पर थे।

उनकी यह नई भूमिका सिद्धार्थ मोहंती के स्थान पर दी गई है, जिन्हें अप्रैल 2023 में एलआईसी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। सत्यपाल भानु की नियुक्ति फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशंस ब्यूरो की सिफारिश पर आधारित पर की गई है। अंतिम मुहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने लगाई। कंपनी के संचालन और नीतिगत निर्णयों में पहले से ही गहरी समझ रखने वाले सत्यपाल भानु की सीईओ और एमडी पद पर नियुक्ति को रणनीतिक रूप से सही कदम माना जा रहा है। भानु का अनुभव और नेतृत्व एलआईसी को डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक-केंद्रित योजनाओं को बढ़ावा देने में सहायक होगा। एलआईसी



भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है और दुनिया की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है। मार्च 2025 तक इसकी प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति 54.52 लाख करोड़ रुपये (640 बिलियन अमेरिकी डॉलर) थी। एलआईसी के पास 3,000 से अधिक शाखाएँ और 10 लाख से अधिक एजेंट्स का नेटवर्क है। 2019 तक इसके पास 29 करोड़ पॉलिसीधारक थे। वर्ष 2018-19 में इसने 2.6 करोड़ क्लेम्स का निपटारा किया। सत्यपाल भानु की अंतरिम नियुक्ति एलआईसी के नेतृत्व में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब एलआईसी अपनी डिजिटल पहल और बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। एलआईसी भारत के इक्विटी बाजार में सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है, जिसने 2019-20 में 72 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया। भानु की नियुक्ति से इस निवेश रणनीति को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## चिराग पासवान का बड़ा ऐलान

# एनडीए की 'मजबूती' के लिए मेरी पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी

एजेंसी ▶▶ भोजपुर

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।



## गुजरात में हादसों का रविवार

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में 5 लोगों की हुई मौत,कई घायल

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में रविवार को अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्रनगर और अमरेली जिलों में ये सड़क घटनाएं हुई हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों लोग कस्बे की ओर लौट रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एक चालक को हिरासत में लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं, एक अन्य घटना दुर्घटना में शनिवार रात अमरेली जिले के सावरकुंडला-महुवा रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक महिला और एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।



**राजस्थान में गुर्जर समाज ने किया प्रदर्शन**

# महापंचायत खत्म होने के बावजूद भी विरोध पर अड़े, 2 घंटे बाद ट्रैक से हटे

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और कोटा-मथुरा पैसेंजर को रोक दिया। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे (4.30 से 6.30 बजे) तक जाम किया। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की थी। मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम साढ़े 6 बजे ट्रैक को खाली कराया। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर था। आरक्षण समेत कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था।

### आरक्षण के मसौदे का विरोध

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। इससे बाद कई लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया। नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था। गुर्जर समाज की ओर से सरकार को रविवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा था- कुछ लोग इस बात पर अड़े हुए हैं कि हम सरकार के खिलाफ ही रहेंगे और बोलेंगे। लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब सरकार बिना किसी महापंचायत और आंदोलन के टेबल पर बात करने के लिए तैयार है तो महापंचायत क्यों?



**देश में लगातार बढ़ रहे हैं संक्रमित**

# कोरोना के केस 6 हजार के पार 24 घंटे में 6 मरीजों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना वायरस के मामले फिर बढ़ने लगे हैं. पिछले 24 घंटों में देशभर में 378 नए संक्रमित मिले, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 6133 हो गई, जबकि इस दौरान 6 मरीजों की मौत हुई है। दिल्ली में 21 नए मामले आए हैं, सक्रिय मामले 686 पहुंच गए हैं, और इस साल 7 मौतें हुई हैं। केरल में 144 नए केस दर्ज हुए, सक्रिय मामले 1950 तक पहुंच गए हैं। दिल्ली में बीते 24 घंटे में 21 नए मामले सामने आए, जिससे एक्टिव संक्रमितों की संख्या 686 पहुंच गई। इस साल कोरोना से दिल्ली में अब तक 7 लोगों की जान गई और 1024 लोग संक्रमित हुए।

### केरल में सबसे ज्यादा मामले

केरल में बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए. 24 घंटे में 144 नए मामले सामने आए, जिससे एक्टिव संक्रमितों की संख्या 1950 पहुंच गई। तीन लोगों की मौत भी हुई। इस साल कोरोना से केरल में अब तक 15 लोगों की जान गई है। 2025 में केरल में कुल 2113 लोग कोरोना से संक्रमित हुए। गुजरात में भी कोरोना वायरस फैल रहा है। यहां बीते 24 घंटे में 105 नए मामले सामने आए, जिससे जिससे एक्टिव संक्रमितों की संख्या 822 पहुंच गई। इस साल कोरोना से गुजरात में अब तक दो लोगों की जान गई है। कर्नाटक में बीते 24 में 78 नए मामले सामने आए, जिससे एक्टिव संक्रमितों की संख्या 366 पहुंच गई। दो लोगों की मौत भी हुई। इस साल कोरोना से कर्नाटक में अब तक 9 लोगों की जान गई है। महाराष्ट्र में बीते 24 में 18 नए मामले सामने आए, जिससे एक्टिव संक्रमितों की संख्या 595 पहुंच गई। एक भी मौत नहीं हुई। इस साल कोरोना से महाराष्ट्र में अब तक 18 लोगों की जान गई है। पश्चिम बंगाल में बीते 24 में 71 नए मामले सामने आए।



## सभी किसानों को एक समान पानी पहुंचाने के लिए लागू की जाए बाराबंदी

# रानियां क्षेत्र में घग्घर से निकलने वाली नहरों में लगाई पाइप को लेकर कुमारी सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

**कहा, पाइप हटाने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए किसानों के लिए की जाए उचित व्यवस्था**

### बरसाती नहरों के पानी के वितरण को बनाई जाए स्पष्ट और तर्कसंगत नीति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर रानियां क्षेत्र में घग्घर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइनों को हटाने से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सांसद ने कहा है कि बरसाती नहरों के पानी के वितरण के लिए स्पष्ट और तर्कसंगत नीति बनाई जाए साथ ही सभी किसानों को एक समान पानी पहुंचाने के लिए बाराबंदी लागू की जाए।

सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पाइप हटाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और किसानों के लिए व्यवहारिक एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मानसून से पूर्व आवश्यक तटबंधों की मरम्मत तुरंत शुरू करवाने और किसानों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि सिरसा जिले, विशेषकर रानियां क्षेत्र में, जल विवाद गहरा गया है। प्रशासन मौसमी खरीफ चैनलों - सहदेवा, मम्मार और रत्ताखेड़ा - में अवैध पाइपलाइनों और जल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इन चैनलों का निर्माण मुख्यतः अंतिम छोर के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया था।हाल के दिनों में सिंचाई विभाग द्वारा अर्थमूविंग मशीनों से पाइपलाइनें हटाने से क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अधिकारियों का दावा है कि ये अवैध संरचनाएं बारिश के पानी को चैनलों के अंत तक पहुंचने से रोक रही थीं। वहीं टेल-एंड गांवों के किसानों ने भी पानी न मिलने की शिकायत की थी।



### फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान

कुमारी सैलजा ने यह भी कहा है कि मानसून का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक तटबंधों की मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे बाढ़ की स्थिति में फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### इंफोसिस ने गिफ्ट सिटी में खोला नया विकास केंद्र

**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने गांधीनगर के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक नया विकास केंद्र खोला है। वित्तीय सेवाओं और बीमा ग्राहकों के लिए समाधान विकसित करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने किया, और इसमें 1,000 से अधिक कर्मचारियों को समायोजित करने की क्षमता है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह एक प्रमुख प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

### हुंडई, मारुति सुजुकी को मजबूत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। मात्रा के लिहाज से अपने निर्यात में एकल अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रही है। दूसरी ओर मारुति सुजुकी अपने निर्यात में मात्रा के लिहाज से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

### चीन 19 जून से कुनमिंग में दक्षिण एशिया प्रदर्शनी आयोजित करेगा

**बीजिंग (भाषा)।** चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग में इस साल 19 से 24 जून तक चीन-दक्षिण एशिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की सबसे बड़ी उपस्थिति होगी। प्रदर्शनी में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित 11 हॉल होंगे। प्रदर्शनी का यह 9वां संस्करण है, जिसमें भारत और दक्षिण एशियाई देशों के साथ ही दुनिया भर के व्यापारी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 54 देशों और क्षेत्रों के लगभग 1,400 उद्यमों ने भागीदारी की पुष्टि की है। युन्नान प्रांतीय वाणिज्य विभाग के निदेशक ली चाओवेई ने कहा कि लगभग 1,000 पेशेवर खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार, पासवर्ड से अब नहीं चलेगा काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


गूगल ने जीमेल अकाउंट की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। कंपनी का कहना है कि पुराने पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अब सुरक्षित नहीं हैं। इनकी जगह पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो अधिक सुरक्षित हैं। गूगल के अनुसार पासवर्ड याद रखने में मुश्किल होते हैं और फिशिंग का शिकार हो सकते हैं। क्या आप अभी भी अपने जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड या टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जैसे पुराने सिक्योरिटी मेथड्स पर डिपेंड हैं? तो सावधान हो जाइए।

■ पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो सुरक्षित हैं

## जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड, तो सावधान हो जाइए

### क्या है ये पासकीस?

जो लोग पासकी के बारे में नहीं जानते, उन्हें बता दें कि यह एक नया लॉगिन सिस्टम है जिसमें पासवर्ड की जगह फिंगरप्रिंट, फेस आईडी या पैटर्न लॉक जैसे बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका आपको फिशिंग अटैक से बचा सकता है क्योंकि इसमें यूजर को उसी प्रोसेस से गुजरना पड़ता है जिससे वह स्मार्टफोन को अनलॉक करते हैं।






### गूगल ने दी ये सलाह

दरअसल टेक दिग्गज का कहना है कि पासवर्ड अब सेफ नहीं हैं। गूगल का साफ कहना है कि पासवर्ड को मेन्टेन करना मुश्किल है, पासवर्ड न सिर्फ याद रखने में मुश्किल होते हैं, बल्कि आसानी से फिशिंग का शिकार भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यह डेटा लीक के टाइम भी सामने आ जाते हैं। ऐसे में अब गूगल **Passkeys** जैसे नए ऑप्शन पर स्विच होने की सलाह दे रहा है।

### पासकीस से करें लॉगइन

टेक दिग्गज का कहना है कि इसकी जगह आप पासकीस या सोशल साइन-इन जैसे नए ऑप्शंस का इस्तेमाल करें, जो ज्यादा सेफ हैं। फोर्ब की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ है कि 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार हुए हैं और माना जा रहा है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड साइबर क्राइम की बड़ी भूमिका रही है। चलिए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

### बुजुर्गों को बदलाव में दिक्कत

गूगल की एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि युवा पीढ़ी तेजी से पासकी पर स्विच कर रही है और सोशल मीडिया साइन-इन जैसे सुरक्षित ऑप्शंस को अपना रही है, जबकि बुजुर्ग यूजर्स अभी भी पुरानी पासवर्ड सिस्टम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जो उनके लिए अधिक जोखिम पैदा कर सकता है।

## अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर व्यापार वार्ता

# अमेरिका से ट्रेड वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत: कृषि मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री चौहान एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है।



### इन उत्पादों का निर्यात

*अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।*

### 0 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात

नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

### बेहतर बाजार पहुंच की मांग

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

# चौथी अर्थव्यवस्था आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं, जीडीपी में बहुत पीछे : डब्ल्यूईएफ पूर्व एमडी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है। अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, "यह (अर्थव्यवस्था का आकार) एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है। उन्होंने कहा, "नहीं, यह एक अच्छा संकेतक नहीं है क्योंकि जो मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत



नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं... यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है।" इसके विपरीत, स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी दौड़ में एक निर्णायक चौराहे पर खड़ा है, जिसके पास बड़े डेटा में 'अद्वितीय श्रेष्ठता' है। यह एक ऐसी परिसंपत्ति है जिसे देश को संरक्षित करना चाहिए और वैश्विक प्रौद्योगिकी और नवाचार के शीर्ष स्तर पर इसे आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से इसका लाभ उठाना चाहिए।

### रिलायंस की कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन पर लगाएगी 5,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। शुरू में 37 विमानों के लिए अनुबंध दिया गया था, रिलायंस ने पहले के अनुबंध के सफल निष्पादन के बाद अतिरिक्त 18 इकाइयों के लिए दोबारा ऑर्डर हासिल किया। सूत्रों ने बताया कि डोर्नियर अपग्रेड अनुबंध का कुल मूल्य 350 करोड़ रुपये था।

# टाटा स्टील की ईएएफ परियोजना का निर्माण शुरू करने की योजना

■ ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू कंपनी टाटा स्टील को उम्मीद है कि वह जुलाई 2025 से ब्रिटेन में अपनी कम कार्बन ईएएफ-आधारित इस्पात बनाने वाली परियोजना का निर्माण शुरू कर देगी और 2027 तक परिचालन शुरू कर देगी।

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने यह कहा है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन और कार्यकारी निदेशक (ईडी) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) कौशिक




चटर्जी ने कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि कंपनी को पोर्ट टैलबोट में अपनी 1.5 अरब डॉलर की परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। प्रबंधन ने कहा, अब हम वित्त वर्ष 2027-28 तक कार्बन उत्सर्जन रहित और अत्याधुनिक ईएएफ-आधारित इस्पात विनिर्माण की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे ब्रिटेन सरकार के 50 करोड़ पाउंड के वित्तपोषण से समर्थन मिलेगा उन्होंने कहा कि पोर्ट टैलबोट में ईएएफ (इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस) परियोजना के लिए योजना अनुमोदन प्राप्त हो गया है और निर्माण जुलाई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही है।

### वाहन उद्योग ने की दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात में तेजी की मांग



**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग ने यात्री कारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होने वाले दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात के लिए चीन की सरकार से मंजूरी में तेजी लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। उद्योग के सूत्रों के अनुसार, विभिन्न घरेलू आपूर्तिकर्ताओं ने पहले ही चीन में अपने स्थानीय विक्रेताओं के माध्यम से चीनी सरकार से मंजूरी मांगी है। सूत्रों ने कहा कि अभी तक कोई मंजूरी नहीं दी गई है। दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के वैश्विक प्रसंस्करण क्षमता के 90 प्रतिशत से अधिक पर चीन का नियंत्रण है। इनका इस्तेमाल वाहन, घरेलू उपकरणों और स्वच्छ ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में किया जाता है।

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर:** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ:** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

*निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर हुआ बंद*

# मुद्रास्फीति, एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, व्यापार वार्ता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव से निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,188.99 पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में धीरे-धीरे तेजी आएगी, जिसे आरबीआई द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से समर्थन मिलेगा।



### बाजार मूल्यांकन में एक लाख करोड़ रुपए का उछाल

*शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850.96 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को लाभ हुआ।*

## शब्द पहेली - 5892



**बाएँ से दाए**


1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

**शब्द पहेली- 5891 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |



## फ्रेंच ओपन

### इरानी का छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब

# सारा-जैस्मीन महिला युगल चैंपियन ग्रैनोलर्स-जेबालोस ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| पेरिस

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता। वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्द्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी।



### ग्रैनोलर्स-जेबालोस को पहली बार मिली सफलता



पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और जेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

### टैगर और मैकडोनाल्ड को जूनियर खिताब



ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर ज़ेवरेव के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लड़कों का एकल खिताब जीता।

## फुटबॉल

# केन ने गोल कर एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था।

केन ने कहा, 'हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे।'

### टाइगर्स ने नागपुर टाइटंस को हराया



*नागपुर। ऑरेंज टाइगर्स ने रविवार को यहां डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत नागपुर टाइटंस को आठ विकेट से हराकर विदर्भ प्रो टी20 लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नागपुर टाइटंस के पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन दुबे की 38 गेंद में 52 रन की पारी की मदद से छह विकेट पर 153 रन बनाए। कप्तान जगजोत सासन ने भी 30 गेंद में 34 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके जवाब में ऑरेंज टाइगर्स ने रोहित बिनकर की 39 गेंद में नाबाद 62 रन की पारी की बदौलत 13.4 ओवर में दो विकेट पर 116 रन बनाकर डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत आसान जीत दर्ज की।*

## खबर संक्षेप



### हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता

**राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया। आर्यन सोरठ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

### मुंबई लीग के अंतिम-4 में पहुंचा ब्लास्टर्स

**मुंबई।** बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है। ईगल थाने स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। जीत के लिए 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलाई।

### तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न।** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई।



# जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-1 कर दिया।भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस के साथ बेल्जियम को बराबरी हासिल नहीं करने दी। भारत अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को फिर बेल्जियम से खेलेगा।



### पाकिस्तान नेशंस कप के लिए भेजेगा राष्ट्रीय टीम

**कराची।** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके। इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में शुरू किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

**गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान**

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।



## ताइवान ओपन एथलेटिक्स

# भारत ने दूसरे दिन भी छह स्वर्ण जीत किया अभियान का समापन



एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

### विथ्या, रोहित पूजा बने चैंपियन

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

### कृष्ण 800 मीटर दौड़ के विजेता

कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की। उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की शैली सिंह (6.41 मीटर) और ऐंसी सोजन (6.39 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडजोवस्की (6.49 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता।

### इंग्लैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज का 3-0 से से किया सूपड़ा साफ

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पहले ही शुरुआती दो मैच जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी। अब इस टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे मैच में मात दे उसका सूपड़ा साफ कर दिया है और 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया है। टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनने वाली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया और बारिश से बाधित मैच में 21 ओवरों में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बनाने दिए। इंग्लैंड ने महज 10.5 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की कप्तान नेट सिवर ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जमाया। उन्होंने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। एलिस कैप्सी 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। सोफी 21 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद एलिस कैप्सी ने ब्रंट के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच 69 रनों की साझेदारी हुई। कैप्सी ने 11 गेंदों पर 20 रन बनाए।



# ईश्वरन और राहुल का अर्धशतक भारत ए को 184 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड)

कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और लोकेश राहुल के अर्धशतक तथा दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 163 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 184 रन तक पहुंचाया। ईश्वरन (80 रन, 92 गेंद, 10 चौके) और राहुल (51 रन, 64 गेंद, नौ चौकों) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल छह जबकि नितीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 12 गेंद में पांच रन बनाने के बाद जॉर्ज हिल (18 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच दे बैठे। ईश्वरन और पहली पारी में शतक जड़ने वाले राहुल ने इसके बाद पारी को संभाला। राहुल ने क्रिस वोक्स (31 रन पर दो विकेट) के लगातार ओवरों में चौके मारे जबकि ईश्वरन ने जोश टंग पर लगातार दो चौके जड़े। ईश्वरन ने जॉर्ज हिल पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल ने एडी जैक (35 रन पर एक विकेट) पर चौके के साथ 61 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन दो गेंद बाद इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर जोश टंग को कैच दे बैठे। भारत के रनों का शतक 23वें ओवर में पूरा हुआ। ईश्वरन ने अगले ओवर में जैक की गेंद पर दो रन के साथ 68 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। करुण नायर (15) ने भी जैक पर दो चौके मारे जबकि फरहान अहमद की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए लेकिन फिर वोक्स की गेंद पर टॉम हेन्स को कैच दे बैठे। वोक्स ने इसके बाद ईश्वरन को बेन मैकिनी के हाथों कैच कराके भारत ए को चौथा झटका दिया। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

## नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग का मुकाबला आज

# मैच के आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटलवीन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।



### हारना दुर्भाग्यपूर्ण : फुल्टन

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




### बताया, पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सभी छह देशों ने निंदा की

# रविशंकर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय देशों के दौरे बे बाद देश लौटा

## सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे से रविवार को देश लौट आया। इस मौके पर प्रसाद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा "हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी। इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी।बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए




ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि हमने यूरोप के छह देशों का दौरा किया और हमें पता चला कि पूरा यूरोप एक नई आर्थिक व्यवस्था में आने की कोशिश कर रहा है और हर देश ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। हमने यह संदेश दिया है कि अगर सीमा पर कोई आतंकवादी गतिविधि देखी जाती है, तो उसका जवाब अलग होगा। हमने किसी देश से मध्यस्थता की मांग नहीं की।

जर्मनी में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है जिसका सामना एकजुट वैश्विक प्रतिक्रिया से किया जाना चाहिए। जर्मन वार्ताकारों ने चर्चा का स्वागत किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद के अधिकारियों, विदेश नीति और रक्षा समिति के प्रमुख सदस्यों और कोनराड एडेनॉयर स्टिफ्टंग (केएएस) जैसे प्रमुख थिंक-टैंक से भी मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत बहुपक्षीय प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की और आतंकवाद, रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन सहयोग की संभावना तलाशी।

# सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अलग-अलग देशों के वरिष्ठ नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से यूरोपीय संघ, फ्रांस और बेल्जियम के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने और विविध क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे 8 से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे। जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।

### विदेश मंत्री फ्रांस हुए रवाना , 14 जून तक रहेंगे दौरे पर



फाइल फोटो

### भारत बेल्जियम के संबंध मजबूत होंगे

### भारत और बेल्जियम के आर्थिक साझेदारी से संबंध मजबूत होंगे

मंत्रालय ने कहा कि भारत और बेल्जियम बहुत मजबूत आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल, हीरा क्षेत्र और लोगों के बीच मजबूत संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### यूरोपियन के नेताओं से करेंगे मुलाकात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूरोप के दौरे पर रवाना हो रहे हैं, जहां वे सबसे पहले फ्रांस पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी यूरोपियन यूनियन के नेताओं के साथ मुलाकात होगी और वे बेल्जियम भी जाएंगे। यह दौरा 14 जून तक चलेगा विदेश मंत्रालय के मुताबिक विदेश मंत्री यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ एक रणनीतिक वार्ता करेंगे और थिंक टैंक और मीडिया के साथ बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ जुड़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम की यात्रा के दौरान वहां के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ द्विपक्षीय परामर्श करेंगे। वे बेल्जियम के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे।*

### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे जयशंकर

मामले में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 'विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. #Cash Bonus is applicable on Xtreme125R model. Ex-showroom prices of Xtreme125R IBS and Destini Prime OBD2B are applicable in Delhi. ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur: Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero - 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero - 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero - 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT - 7217627327; Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave - 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad) - 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5 - 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58 - 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero - Shiv Puri, Vijay Nagar - 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road - 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road - 9289922410, Hapur: Globe Hero – 9289923209.

L&K | SAATCHI & SAATCHI